आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 181 | हापुड़, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

# गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद मोदी ने कभी कोई नकारात्मकता नहीं रखी - शाह





वडनगर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी कोई नकारात्मकता नहीं रखी और अपनी गरीबी को जरूरतमंदों के प्रति करुणा में बदल दिया तथा लोगों के कल्याण के लिए अथक कार्य किए हैं। शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने करोड़ों गरीब लोगों को आवास, शौचालय, पानी, गैस और बिजली कनेक्शन, सस्ती कीमतों पर दवाइयां और मुफ्त राशन जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर उनके जीवन को बदल दिया। गुजरात के दौरे पर आए शाह, मेहसाणा जिले में मोदी के गृहनगर वडनगर में तीन प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में एक पुनर्विकसित स्कूल भी शामिल है, जहां मोदी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, ''मनोविज्ञान में यह पढ़ाया जाता है कि जिस बच्चे का बचपन गरीबी और अभाव में बीता है, वह नकारात्मकता से प्रेरित होता है।

ऐसे बच्चों में विनाशकारी सोच भी विकसित होता है और वे बदले की भावना के साथ बड़े होते हैं। लेकिन, चाय बेचने वाले के एक परिवार में पैदा हुए मोदीजी ने अपनी गरीबी को जरूरतमंद लोगों के प्रति करुणा में बदल दिया।''शाह ने कहा, ''जब उस गरीब बच्चे ने राज्य (मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात) और फिर देश की बागडोर संभाली, तो उसके मन में कभी कोई नकारात्मकता नहीं आई। उन्होंने पूरे देश में गरीबों के कल्याण के लिए काम किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी अन्य बच्चे को उस तरह की गरीबी का सामना न करना पड़े, जिसका उन्होंने सामना किया।''केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीवन के शुरुआती वर्षों में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद, केवल ईश्वरीय कृपा वाला और प्रतिभाशाली बच्चा ही किसी भी नकारात्मकता को मन में रखे बिना पूरे समाज का कल्याण करने के बारे में सोच सकता है। वर्ष 1888 में निर्मित स्कूल को अब ''प्रेरणा कॉम्प्लेक्स'' के रूप में पुनर्विकसित किया गया है, जिसका शाह ने उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने वडनगर में एक पुरातत्व संग्रहालय और एक खेल परिसर का भी उद्घाटन किया। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा, ''उनके प्रयासों की बदौलत स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की दर, जो उनके मुख्यमंत्री बनने के समय 37 प्रतिशत थी, 2014 में घटकर सिर्फ एक प्रतिशत रह गई। उन्होंने गुजरात के लोगों के समक्ष पेश आने वाली समस्याओं को जानने के लिए आरएसएस प्रचारक (पूर्णकालिक स्वयंसेवक) के रूप में राज्य के कोने-कोने का दौरा किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने एक-एक कर उन सभी मुद्दों को सुलझाया।

''शाह ने याद दिलाया कि जब मोदी अपने शुरुआती राजनीतिक करियर के दौरान भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात करते थे, तो उनके (शाह) समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता हैरान रह जाते थे कि यह कैसे हकीकत बनेगा। शाह ने कहा, ''रामलला 500 साल से अधिक समय तक एक तंबू में थे। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर का हमारा सपना साकार हुआ। इसी तरह, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर वास्तव में भारत का अभिन्न अंग बन गया।''

# पक्षपातपूर्ण रवैया छोड़ संविधान धर्म निभाये योगी सरकार- मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विरोधी दल सरकारी तंत्र के पक्षपात रूपी रवैये से परेशान है। इसलिये सरकार को सलाह है कि वह ज़िलों में नौकरशाही की द्वेषपूर्ण एवं मनमानी कार्रवाई के विरुद्ध अपना संविधान धर्म निभाये। सुश्री मायावती ने गुरुवार को यहां पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व ज़िला अध्यक्षों की बैठक में कैडर आधारित ठोस रणनीति पर विचार-विमर्श किया और पार्टी की आर्थिक मजबूती के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बैठक में बसपा सुप्रीमो के दोनो भतीजे आकाश आनंद और ईशान मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही ।उन्होने कहा कि प्राप्त फीडबैक के अनुसार यूपी के ज़िलों में सरकारी तंत्र की जुल्म-ज्यादती से लोग त्रस्त है, जिसके प्रति राज्य सरकार को गंभीर व संवेदनशील होना बहुत ज़रूरी है। साथ ही, विरोधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई से लोगों का यह सवाल स्वाभाविक है कि यूपी में यह कैसा कानून का राज है कि सत्ताधारी लोगों के लिए उनके हर जुर्म की अनदेखी कर दी जाती है। ऐसे में यूपी के ज़िलों में सरकारी तंत्र की द्वेषपूर्ण एवं मनमानी कार्रवाई के विरुद्ध राज्य सरकार को अपना संविधान धर्म निभाने की सलाह दी जाती है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी केवल अपने कार्यकर्ताओं से ही विभिन्न रूपों में आर्थिक मदद लेकर ही अपनी पार्टी की गतिविधियों को चलाती है जबकि कांग्रेस, भाजपा व अन्य विरोधी पार्टियों की तरह बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्नासेठों आदि से आर्थिक मदद लेकर अपनी पार्टी की गतिविधियों को चलाती हैं। उन्होने कहा कि यूपी के जिलों से पार्टी की फीडबैक के अनुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था के नाम पर जिस प्रकार से जिलों में दमनकारी नीति अपनाकर अधिकतर यहाँ गरीबों, मजलूमों, बेसहारा व मेहनतकश लोगों को अंधाधुंध गिरफ्तार करके जेल में कैद किया जा रहा है वह लोगों को यहाँ पुलिस राज जैसा चिन्तनीय लगता है, जिसके प्रति राज्य सरकार को न्यायालय की तरह गंभीर व संवेदनशील होकर संविधान धर्म की ज़िम्मेदारी जरूर निभाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि विरोधियों के खिलाफ खासकर पुलिस कार्रवाई से लोगों का यह सवाल स्वाभाविक है कि यूपी में यह कैसा कानून का राज है। सत्ताधारी लोगों के लिए उनके हर जुर्म की अनदेखी क्यों है। क्या इससे कानून-व्यवस्था सुधर पाएगी। इतना ही नहीं बल्कि सिविल मुकदमों को भी क्रिमनल केस की तरह कार्रवाई करना भी क्या उचित है। इसका भी राज्य सरकार को जरूर समुचित संज्ञान लेना चाहिए। इसके अलावा, जिलों में प्रशासन व पुलिस का रवैया ज्यादातर मामलों में राजनीतिक, साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष का होने से यह आम धारणा बन रही है कि यह सब भाजपा की नीति के तहत् वोट की राजनीति के लिए सरकारी मशीनरी व पुलिस का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में कानून का राज का अभाव लोगों की चिन्ता का विशेष कारण है। उन्होने कहा कि पहले कांग्रेस व सपा और अब भाजपा की सरकारों के रवैयों से स्पष्ट है कि बहुजनों में भी खासकर दलित समाज के प्रति इनका नया-नया उभरा प्रेम विशुद्ध छलावा व इनकी चुनावी नाटकबाजी ज्यादा है। श्री शाह से भी अपने बाबा साहेब विरोधी बयान को वापस लेकर पश्चाताप करने की बसपा की मांग बरकरार है।

# राहुल का युवाओं से संविधान सुरक्षा सम्मेलन से जुड़ने का आह्वान



नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार युवाओं के साथ अत्याचार कर संविधान पर हमला कर रही है इसलिए देश के युवाओं को 18 जनवरी को पटना में होने वाले संविधान सुरक्षा सम्मेलन से जुड़ना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, पेपर लीक, अग्निवीर, रोज़गार घोटाले, आरक्षण से खिलवाड़, युवाओं पर अत्याचार, ये सब भारत के भविष्य के साथ हमारे संविधान पर आक्रमण हैं। उन्होंने कहा हम देश के युवाओं का हक़ छिनने नहीं देंगे, उन्हें आज के एकलव्य बनने नहीं देंगे। अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सभी युवा जुड़ें, न्याय योद्धा बनें -संविधान सुरक्षा सम्मेलन 18 जनवरी बापू सभागार पटना, बिहार।

# सिंगापुर के राष्ट्रपति का राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत



नई दिल्ली । भारत यात्रा पर आये सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम का गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत किया गया। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद सिंगापुर के राष्ट्रपति राजघाट गए जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''एक करीबी साथी का स्वागत। सिंगापुर के राष्ट्रपति का भारत की पहली राजकीय यात्रा पर औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने राष्ट्रपति थर्मन का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति थर्मन कल से दो दिन के लिए ओडिशा के दौरे पर भी जायेंगे। भारत और सिंगापुर के बीच मैत्री, विश्वास और आपसी सम्मान की लंबी परंपरा पर आधारित व्यापक सहयोग संबंध हैं। राष्ट्रपति थर्मन की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है, जिसे पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस यात्रा से भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरुआत भी होगी।

# दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं - अखिलेश यादव



लखनऊ । सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का दिल्ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है की हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है। यह चुनाव भाजपा के लिए सबक होगा। अखिलेश यादव ने अयोध्या के किसानों के हक में आवाज उठाते हुए कहा कि अयोध्या के किसानों की जमीन छीनकर भाजपा मुनाफाखोरी कर रही है। किसानों को 6 गुना मुआवजा मिलना चाहिए। गरीब किसानों को उनकी जमीन का बाजार दर पर उचित मूल्य मिले, विकास हो, लेकिन किसानों के अधिकार न छीने जाएं। उन्होंने आगे कहा कि किसान की आस्था प्रभु श्री राम में है, लेकिन उनके अधिकार भी सुरक्षित रहें। हमारी पार्टी किसानों के मुद्दे विधानसभा और लोकसभा में उठाएगी। भाजपा के मुनाफाखोरी और अन्याय के खिलाफ जनता एकजुट है। मिल्कीपुर उपचुनाव में किसानों की आवाज पीडीए के साथ है। ऐसे में भाजपा की हार तय है।

# महाकुंभ 2025 - स्कूली बच्चों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण, मंच देगी योगी सरकार




महाकुंभ नगर । योगी सरकार न सिर्फ बॉलीवुड, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकारों, बल्कि स्कूली बच्चों को भी महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। इसके लिए संस्कृति विभाग की तरफ से प्रयागराज के 9 कॉलेजों में 9 विधाओं में स्कूल और कॉलेज के बच्चों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 22 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद स्कूली बच्चे अपनी कला का महाकुंभ में प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश भर के नामचीन प्रशिक्षकों द्वारा 9 विधाओं में लगभग 600 स्कूली बच्चों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 22 जनवरी तक प्रयागराज के 9 स्कूल और कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अवधी लोकगायन का प्रशिक्षण श्रीकृष्णा डिग्री कॉलेज करछना, मशकबीन का प्रशिक्षण मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना, जादू का प्रशिक्षण ब्रजमंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर करछना, अवधी लोकगीत और नृत्य का प्रशिक्षण आरपी इंटर कॉलेज एफसीआई रोड चौक नैनी, लोकगायन का प्रशिक्षण सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर करछना, ढेढिया नृत्य का प्रशिक्षण कमला स्मारक इंटर कॉलेज इतरौरा बलापुर करमा रोड नैनी, ब्रज के लोकनृत्य का प्रशिक्षण राधा रमण महिला इंटर कॉलेज, 27 एच चकदाउद नगर नैनी, भजन और लोक गायन का प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुंगारी करछना, रंगोली का प्रशिक्षण आरएनटी इंटर कॉलेज महेवा पूरब पट्टी खान चौराहा नैनी में दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के नामचीन प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अवधी लोक गायन का प्रशिक्षण अयोध्या के शिवपूजन शुक्ला, मशकबीन का प्रशिक्षण कौशांबी के संतोष और प्रयागराज के वेदानंद दे रहे हैं। वहीं, बच्चों को जादू का प्रशिक्षण लखनऊ के आफताब और सुरेश द्वारा दिया जा रहा है। लखनऊ की कुसुम वर्मा अवधी लोकगीत और लोकनृत्य का प्रशिक्षण दे रही हैं। अंबेडकरनगर की उपमा पांडेय बच्चों को लोक गायन का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रयागराज के प्रशिक्षक आनंद किशोर ढेढिया नृत्य, मथुरा की नीतू सिंह ब्रज के लोकनृत्य, प्रयागराज के मनोज गुप्ता भजन और लोक गायन में बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इसके अलावा रंगोली का प्रशिक्षण लखनऊ की ज्योति रतन की तरफ से दिया जा रहा है। सभी 9 विद्यालयों में 9 विधाओं में 600 से अधिक स्कूली बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। संस्कृति विभाग और कॉलेजों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा प्रशिक्षण सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की देखरेख में संपन्न हो रहा है। 22 जनवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण के उपरांत इन बच्चों को महाकुंभ से जुड़े सांस्कृतिक मंचों पर अपनी कला दिखाने का अवसर प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यादव ने 'स्पाडेक्स' की सफलता के लिए इसरो को दी बधायी

भोपाल । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 'स्पाडेक्स' मिशन की सफलता के लिए बधायी एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया 'अंतरिक्ष जगत में भारत ने रचा पुन: इतिहास...हमें गर्व एवं आनंद है कि इसरो का 'स्पाडेक्स' मिशन सफल हुआ। अब अंतरिक्ष में दो सैटेलाइटों को जोड़ने वाला भारत विश्व का चौथा देश बन गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।'

### भाजपा नेताओं ने संविधान को न तो पढ़ा है और न ही उसका सम्मान किया- राजा बडिंग

चंडीगढ़ । लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इंडियन स्टेट से लड़ने वाले वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा बडिंग ने कहा कि तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। श्री बडिंग ने गुरुवार को एक्स पर कहा, सच्चाई यह है कि भाजपा के नेताओं ने संविधान को न तो पढ़ा है और न ही उसका सम्मान किया है। जब श्री गांधी ने राज्य का उल्लेख किया, तो उनका मतलब उन व्यक्तियों से था जिन्होंने हमारे देश की संस्थाओं को भ्रष्ट कर दिया है। हालाँकि, हरदीप पुरी जी संविधान के अपने सीमित ज्ञान के कारण कथन को गलत समझते दिखे। कांग्रेस नेता गाँधी का हमारे देश के प्रति समर्पण और प्रेम जगजाहिर है, और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने से कोई भी व्यक्ति आश्वस्त नहीं होगा।

### पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक ड्रोन और हेरोइन बरामद

जालंधर । सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक ड्रोन और हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को विशेष इनपुट के आधार पर सतर्क बीएसएफ सैनिकों ने जिला तरनतारन और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके परिणामस्वरूप एक ड्रोन और हेरोइन की खेप बरामद हुई। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 01¬10 बजे बीएसएफ सैनिकों ने तरनतारन जिले के गांव दल के पास एक खेत से डीजेआई एयर 3 एस ड्रोन बरामद किया। बाद में,शाम करीब 05¬45 बजे, सैनिकों ने अमृतसर जिले के गांव बचीविंड के पास एक खेत से संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन¬ 540 ग्राम) का एक पैकेट बरामद किया। ये ऑपरेशन सीमा पार तस्करी के प्रयासों को विफल करने के लिए बीएसएफ की अटूट सतर्कता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं- शिवराज सिंह चौहान

भोपाल । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं, उनकी मानसिक आयु शून्य है। राहुल गांधी हम भारत माता के लिए प्राण न्योछावर कर सकते हैं और आपको इस विचार से ही नफरत है। आप भारत और भारतीयता को कभी समझ नहीं पाएंगे। ज्ञात हो कि आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बीते दिनों कहा था कि राम मंदिर बनने के बाद भारत को सच्ची स्वतंत्रता मिली थी। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि मोहन भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है, क्योंकि उनका मतलब है कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है, संविधान अवैध है। किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता। राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता हमलावर हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने मोहन भागवत और आरएसएस को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वास्तव में राहुल गांधी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जो विदेशों में जाकर देश की बुराई करते हैं। मेरा ख्याल है कि उनकी मोहन भागवत के बारे कोई टिप्पणी करने की औकात नहीं है। विजयवर्गीय ने कांग्रेस के परिवारवाद पर तंज कसते हुए कहा था, यह अटल सत्य है कि कांग्रेस के लोग परिवारवाद पर चलते हैं। बहुत से वरिष्ठ लोगों की राजनीतिक हत्या करने के बाद जूनियर-जूनियर गांधी परिवार के लोगों को आगे बढ़ाया जाता है। आजादी के बाद का इतिहास देख लो, इसमें कोई आश्चर्य नहीं लगता कि कांग्रेस भवन का नाम इंदिरा भवन रखा गया, क्योंकि इसके बिना कांग्रेस की दुकान नहीं चल सकती।

### सैफ अली खान पर हमला - जांच के लिए पुलिस की सात टीमों का गठन

मुंबई । बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर धारदार हथियार से हमले ने उनके फैन्स को चिंता में डाल दिया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने सात टीमों का गठन किया है। गुरुवार तड़के बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के ऊपर धारदार हथियार से हमला हुआ है। कथित तौर पर उनके घर में चोरी की मंशा से आए आरोपी ने सैफ पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। वहीं, अब आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की सात टीमों का गठन किया गया है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने सैफ के घर में काम करने वाले तीन लोगों को हिरासत में लिया। तीनों को पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। सैफ पर कथित तौर पर एक अज्ञात शख्स ने चाकू घोंपा, जो उनके मुंबई स्थित घर में घुस आया था। एक्टर का फिलहाल मुंबई के लीलावती अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक संदिग्ध के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि एक्टर को छह बार चाकू घोंपा गया है जिनमें से दो जख्म गहरे हैं। लीलावती अस्पताल के सीईओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि सैफ को उनके बांद्रा स्थित घर में एक अज्ञात व्यक्ति ने चाकू घोंपा और उन्हें सुबह 3¬30 बजे लाया गया। उत्तमानी ने कहा कि सैफ को छह चाकू घोंपे गए हैं जिनमें से दो गहरे हैं। यह रीढ़ के पास है। न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे, कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. लीना जैन और एनेस्थेटोलॉजिस्ट डॉ. निशा गांधी के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम उनका ऑपरेशन कर रही है। मामले को लेकर सैफ अली खान और करीना कपूर की टीम ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है। दोनों ने प्रशंसकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# संपादकीय

## मां तो आखिर मां होती है

एक छोटे से कसबे में समीर नाम का एक लड़का रहता था। बचपन में ही पिता की मृत्यु हो जाने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बड़ी दयनीय थी, समीर की मां कुछ पढ़ी-लिखी जरुर थीं लेकिन उतनी पढाई से नौकरी कहां मिलने वाली थी सो घर-घर बर्तन मांज कर और सिलाई-बुनाई का काम करके किसी तरह अपने बच्चे को पढ़ा-लिखा रही थीं। समीर स्वाभाव से थोड़ा शर्मीला था और अक्सर चुप-चाप बैठा रहता था। एक दिन जब वो स्कूल से लौटा तो उसके हाथ में एक लिफाफा था।

उसने मां को लिफाफा पकड़ाते हुए कहा, 'मां, मास्टर साहब ने तुम्हारे लिए ये चिट्ठी भेजी है, जरा देखो तो इसमें क्या लिखा है?' मां ने मन ही मन चिट्ठी पढ़ी और मुस्कुरा कर बोलीं, 'बेटा, इसमें लिखा है कि आपका बेटा काफी होशियार है, इस स्कूल के बाकी बच्चों की तुलना में इसका दिमाग बहुत तेज है और हमारे पास इसे पढ़ाने लायक शिक्षक नहीं हैं, इसलिए कल से आप इसे किसी और स्कूल में भेजें।' यह बात सुन कर समीर को स्कूल न जा सकने का दु:ख तो हुआ पर साथ ही उसका मन आत्मविश्वास से भर गया कि वो कुछ खास है और उसकी बुद्धि तीव्र है। मां, ने उसका दाखिला एक अन्य स्कूल में करा दिया। समय बीतने लगा, समीर ने खूब मेहनत से पढाई की, आगे चल कर उसने सिविल सर्विसेज परीक्षा भी पास की और आईएएस ऑफिसर बन गया। समीर की मां अब बूढी हो चुकीं थीं, और कई दिनों से बीमार भी चल रही थीं, और एक दिन अचानक उनकी मृत्यु हो गयी। समीर के लिए ये बहुत बड़ा आघात था, वह बिलख-बिलख कर रो पड़ा उसे समझ नहीं आ रहा था कि अब अपनी मां के बिना वो कैसे जियेगा... रोते-रोते ही उसने मां की पुरानी अलमारी खोली और हाथ में उनकी माला, चश्मा, और अन्य वस्तुएं लेकर चूमने लगा। उस अलमारी में समीर के पुराने खिलौने, और बचपन के कपड़े तक संभाल कर रखे हुए थे समीर एक-एक कर सारी चीजें निकालने लगा और तभी उसकी नजर एक पुरानी चिट्ठी पर पड़ी, दरअसल, ये वही चिट्ठी थी जो मास्टर साहब ने उसे 18 साल पहले दी थी। नम आंखों से समीर उसे पढने लगा- "आदरणीय अभिभावक, आपको बताते हुए हमें अफसोस हो रहा है कि आपका बेटा समीर पढ़ाई में बेहद कमजोर है और खेल-कूद में भी भाग नहीं लेता है। जान पड़ता है कि उम्र के हिसाब से समीर की बुद्धि विकसित नहीं हो पायी है, अत: हम इसे अपने विद्यालय में पढ़ाने में असमर्थ हैं। आपसे निवेदन है कि समीर का दाखिला किसी मंद-बुद्धि विद्यालय में कराएं अथवा खुद घर पर रख कर इसे पढाएं। सादर, प्रिन्सिपल" समीर जानता था कि भले अब उसकी मां इस दुनिया में नहीं रहीं पर वो जहां भी रहें उनकी ममता उनका आशीर्वाद सदा उस पर बना रहेगा! मां से बढ़कर त्याग और तपस्या की मूरत भला और कौन हो सकता है ? हम पढ़-लिख लें, बड़े हो कर कुछ बन जाएं इसके लिए वो चुपचाप ना जाने कितनी कुर्बानियां देती है, अपनी जरूरतें मार कर हमारे शौक पूरा करती है। यहां तक कि संतान बुरा व्यवहार करे तो भी मां उसका भला ही सोचती है! सचमुच, मां जैसा कोई नहीं हो सकता!

## कदम मिला कर चलना होगा -कविता

### अटल बिहारी वाजपेयी



बाधाएं आती हैं आएं
घिरें प्रलय की घोर घटाएं,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं,
निज हाथों में हंसते-हंसते,
आग लगाकर जलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।

हास्य-रूदन में, तूफानों में,
अगर असंख्यक बलिदानों में,
उद्यानों में, वीरानों में,
अपमानों में, सम्मानों में,
उन्नत मस्तक, उभरा सीना,
पीड़ाओं में पलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।
उजियारे में, अंधकार में,
कल कहार में, बीच धार में,
घोर घृणा में, पूत प्यार में,
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।

सम्मुख फैला अगर ध्येय पथ,
प्रगति चिरंतन कैसा इति अब,
सुस्मित हर्षित कैसा श्रम श्लथ,
असफल, सफल समान मनोरथ,
सब कुछ देकर कुछ न मांगते,
पावस बनकर ढ़लना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।
कुछ कांटों से सज्जित जीवन,
प्रखर प्यार से वंचित यौवन,
नीरवता से मुखरित मधुबन,
परहित अर्पित अपना तन-मन,
जीवन को शत-शत आहुति में,
जलना होगा, गलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।।

## 17 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.59 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 09.18 सायंकाल
चंद्र अस्त- 10.03 प्रात-
चंद्रमा- सिंह राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-18 पूर्णिमांत महीना माघ-04, पक्ष-कृष्ण 03 तिथि-चतुर्थी,प्रात- 05.30 तक बाद में पंचमी, नक्षत्र-माघ दोपहर- 12.45 तक बाद में पूर्वाफाल्गुनी, योग-सौभाग्य रात्रि- 12.57 तक बाद में शोभन, करण-बव दोपहर- 04.43 तक बाद में बालव प्रात- 05.30 तक बाद में कौलव,राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, यमगंड प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.15 से 12.58 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.23 से 10.06 तक व दोपहर- 12.58 से 01.41 तक अमृत काल-10.11 से 11.53 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.26 तक।

## आज 17 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- सरकारी परीक्षा का सेंटर दूर मिलेगा, मन में क्रोध या प्रेम भावना एकदम फुट पड़ेगी, विवाह हेतु इंजीनियर का प्रस्ताव मिलेगा,मदिरा, नॉनवेज की ओर ज्यादा जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-56

वृषभ-यात्रा का आनंद मिलेगा, किसी खास से मिलने पर मन जुड़ जाएगा, संगीत बैंड है तो दूर जाएंगे, साझेदारी व्यवसाय टूटने की कगार पर आ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-61

मिथुन- किसी डील को कम में भी फाईनल करना चाहेंगे, संतान आगे बढ़ेगी, निजी जीवन एकान्तवास जैसा हो सकता है, खाना समय पर खाए।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- लोगों से कटना सही नहीं रहेगा,शरीर पर कट,फुंसी, खुश्की बढ़ सकती है,आयुर्वेदिक दवा का प्रयोग करें, ससुराल पक्ष के लोग सेना में हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-51

सिंह- सोच विचार ज्यादा करेंगे, व्यवसाय सेटल करने के लिए सहयोगी मिलेंगे, फीमेल स्टाफ की कमी पूरी होगी, विदेश यात्राएं होगी,गुप्त शत्रु बढ़ सकते है।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या-फाइनेंस व्यवसाय में मुनाफा होगा, रिटेल स्टोर, ब्यूटी स्टोर कार्य चलेगा,मेहमान नवाजी में अच्छा धन खर्च करेंगे, पत्नी के साथ धार्मिक स्थान पर जाना होगा।
भाग्य प्रतिशत-71

तुला- मनोरंजन के क्षेत्र में नया कार्य मिलेगा, वायु यात्रा करके भारत आना हो सकता है, कम्पनी लॉ के वकील की आय होगी, कार्यक्षेत्र में अपना दमखम रखेंगे।
भाग्य प्रतिशत-73

वृश्चिक- अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे, पिता को टेंशन बढ़ेगी, रिस्क व्यवसाय में धन मिलेगा, संतान को लेकर चिंता बढ़ेगी, गिने चुने दोस्त रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

धनु- विवाह की परेशानी हल होगी, छोटी उम्र का जीवन साथी मिलेगा, कम्प्यूटर पार्ट्स, सोफ्टवेयर, प्रिंटिंग प्रेस कार्य चलेगा, महिला मित्रों की संख्या में वृद्धि होगी।
भाग्य प्रतिशत-74

मकर- रिश्तों से अलगाव कर सकते है, स्वयं से भी मायूसी सम्भव है, आत्मविश्वास को बनाये रखें, पारिवारिक समारोह हो सकता है, धन कमाने में संघर्ष बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ- जीवन साथी का किसी कार्य से बाहर जाना होगा, व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर कोई मुक़दमा है तो निकलने में मदद मिलेगी, गठिया रोग बढ़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-59

मीन- जरूरी लीगल कार्य रुक-रुक कर होगा, संतान बीमार पड़ सकती है, उच्च शिक्षा को किसी कारण बीच में छोड़ने की नौबत आ सकती है, विदेश जाने के लिए सुखद है।
भाग्य प्रतिशत-49

## सैफ अली खान पर हमला, घटना के वक्त घर पर ही थीं करीना कपूर



मुंबई । बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमले से सब स्तब्ध हैं। एक्टर की टीम ने आधिकारिक बयान में प्रशंसकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। हमले के वक्त सैफ की पत्नी करीना कपूर घर पर ही मौजूद थीं। सूत्रों के अनुसार, करीना एक पार्टी अटेंड कर गुरुवार रात 1.30 बजे घर लौटी थीं। यह घटना रात 2.15 बजे हुई, जब चोर कथित तौर पर उनके बांद्रा स्थित घर में घुस आया और उनके घरेलू सहायक पर हमला किया। इस दौरान कथित तौर पर सैफ ने बीच-बचाव किया। सैफ पर छह बार चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। जिनमें से दो जख्म गहरे हैं जो उनकी रीढ़ की हड्डी के करीब लगे हैं। एक्टर को मुंबई के बांद्रा इलाके में लीलावती अस्पताल ले जाया गया। मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कथित तौर पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। करीना की टीम ने भी एक बयान जारी कर प्रशंसकों और मीडिया से धैर्य रखने और अटकलों से बचने का अनुरोध किया है, क्योंकि पुलिस वर्तमान में सैफ अली खान के चाकू घोंपने के मामले की जांच कर रही है। एक्ट्रेस की टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 卐कल रात सैफ अली खान और करीना कपूर खान के घर में चोरी की कोशिश की गई। वह अस्पताल में हैं और उनका इलाज चल रहा है। परिवार के बाकी सदस्य ठीक हैं। हम मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे धैर्य रखें और आगे कोई अटकलें न लगाएं क्योंकि पुलिस पहले से ही अपनी जांच कर रही है। एक सूत्र ने दावा किया कि सैफ ने अपने परिवार की रक्षा के लिए निहत्थे ही चोर से भिड़ गए। आधी रात में हुई इस घटना के दौरान उन्होंने डटकर मुकाबला किया और परिवार को नुकसान पहुंचने से बचाया।

## वरुण धवन ने शुरू की 'बॉर्डर 2' की शूटिंग



मुंबई । बॉलीवुड स्टार वरुण धवन ने जेपी दत्ता की 1997 में आयी युद्ध पर आधारित फिल्म 'बॉर्डर' के आगामी सीक्वल 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। अनुभवी अभिनेता सनी देओल सीक्वल के लिए वापसी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। f

दलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी अभिनीत, इस सीक्वल में दत्ता और टी-सीरीज़ के भूषण कुमार भी हैं। टी-सीरीज़ ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, "एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में निर्माता भूषण कुमार, निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चनाना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ 'बॉर्डर 2' की यात्रा शुरू की।" निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म देशभक्ति और साहस की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें "अद्वितीय एक्शन, मनोरंजक ड्रामा और भावनात्मक गहराई" देखने को मिलेगी। युद्ध पर आधारित यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले बनी 'बॉर्डर' फिल्म में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के एक महत्वपूर्ण अध्याय को दर्शाया गया था। जून 1997 में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इस फिल्म में सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी और पुनीत इस्सर भी थे। सहायक कलाकारों में कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी, पूजा भट्ट और शरबानी मुखर्जी शामिल थे।

## भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 304 रनों से हराया और सीरीज भी 3-0 से जीती




राजकोट । प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों के बाद दीप्ति शर्मा (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को रिकार्ड 304 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली हैं भारत के 435 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान गैबी लुईस (एक) को तितास साधु ने पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। क्रिस्टिना कुल्टर रीली (शून्य) को सायली सातघरे ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद सारा फोर्ब्स और ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 15वें ओवर में तनुजा कंवर ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सारा फोर्ब्स (41) रनआउट हुई। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लॉरा डेलेनी (10), ली पॉल (15) को आउट किया। आर्लीन केली (दो), जॉर्जिना डेम्पसी (शून्य) पर रनआउट हुई। 31वें ओवर में अवा कैनिंग (दो) नौवें विकेट के रूप में आउट हुई। दीप्ति शर्मा ने 32वें ओवर की चौथी गेंद पर फ्रेया सार्जेंट (एक) को आउट कर आयरलैंड की पारी 131 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिये। तनुजा कंवर को दो विकेट मिले। तितास साधु, सायली सातघरे और मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ऋचा घोष ने 42 गेदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (59) रन बनाये। दोहरे शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को 44वें ओवर में फ्रेया सार्जेंट ने डेम्पसी के हाथों कैच आउट कराया। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (154) रन बनाये। रावल तीसरी ऐसी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने 150 के आंकड़े का पार किया है।

तेजल हसबनिस (28), हरलीन देओल (15)रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा (11) और जेमिमा रॉड्रिग्स (चार) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। महिला एकदिवसीय मैच में अब तक यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने दो विकेट लिये। आर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जिना डेम्पसी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सान्या मल्होत्रा ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचा दिया तहलका

मुंबई । एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है। सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिज़ा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज़' में नजर आएंगी, जो ज़ी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं।

उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है। चाहे उनकी फिल्में हों या म्यूजिक वीडियो, वह हर बार अपने किरदारों में पूरी तरह डूबकर अभिनय करती हैं। 'आंख' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सान्या न केवल फिल्मों में बल्कि म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी खास छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। फैंस अब सान्या को उनकी आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सान्या ने बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।

## सोने और चांदी की कीमतों में आई तेजी



नई दिल्ली । देश के सराफा बाजार में सोने की कीमत में गुरुवार को तेजी देखी जा रही है। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोना 228 रुपये की तेजी के साथ 78,938 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। पिछले सत्र में यह 78,710 रुपये पर बंद हुआ था और गुरुवार को 78,700 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 78,700 रुपये तक नीचे और 78,940 रुपये तक ऊपर गया। अप्रैल डिलीवरी वाला सोना भी 242 रुपये तेजी के साथ 80,227 रुपये पर कारोबार कर रहा है। चांदी भी 244 रुपये की तेजी के साथ 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। शुरुआती कारोबार में यह 93,000 रुपये तक नीचे और 93,244 रुपये तक ऊपर गई। इससे पहले वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को दिल्ली में सोने की कीमत 220 रुपये बढ़कर 80,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 220 रुपये बढ़कर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 80,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 86.44 डॉलर पर



मुंबई । अमेरिकी मुद्रा में मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों ने भारतीय मुद्रा में गिरावट को सीमित रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.42 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले 86.44 पर फिसल गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.96 पर रहा।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन- स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी




मेलबर्न । इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं। स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी। स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं। तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुज़रीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वीयाटेक 61वें नंबर की राडुकानू के खिलाफ़ अपराजित हैं, उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल स्टटगार्ट में क्ले पर हुआ था। क्वार्टर फ़ाइनल में स्वीयाटेक ने 7-6(2), 6-3 से जीत हासिल की। स्वीयाटेक ने तीसरे राउंड तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया है, और मेलबर्न के बाद सबालेंका से डब्ल्यूटीए रैंकिंग नंबर 1 को फिर से हासिल करने की उनकी कोशिश पर उनकी प्रगति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। मेलबर्न पार्क से शीर्ष स्थान के साथ जाने का मौका तीन खिलाड़ियों के पास था- सबालेंका, स्वीयाटेक और नंबर 3 कोको गॉफ। तीसरे राउंड में जगह बनाकर स्वीयाटेक ने गॉफ के नंबर 1 पर रहने के अवसरों को समाप्त कर दिया है और सबालेंका के लिए गणना बदल दी है, जिन्हें अब शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# जहर खुरानी गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर । गुलावठी नगर पुलिस ने जहर खुरानी गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कैंटर चालक को नशीली चाय पिलाकर 6.20 लख रुपए की लूट की घटना का बड़ा खुलासा किया है ! पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 2.35 लख रुपए नगद और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है । पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते वह बताया कि 2 जनवरी धौलाना बस स्टैंड के पास हुई इस घटना में विकास ट्रेडिंग कंपनी के कैंटर से खल की बोरियां उतारी जा रही थी चालक गुलजार और कंडक्टर साजिद काम में लगे हुए थे इसी दौरान एक युवक ने व्यापारी को नशीली चाय पिला दी । चालक ने व्यापारी से 13 680 रुपए भाड़ा लिया और कैंटर को लेकर आगे चला गया कैंटर में दूसरे व्यापारी का गुण था जिसकी कीमत लगभग 6.20 लाख थी नशीली चाय का असर होने के बाद चालक कुछ दूर जाकर बेहोश हो गया जब उसे होश आया तो वह छपरावत था उसका पैसा गायब था । इस केस में शाहिद नाजिम दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है मुख्यत: इस केस में कंडक्टर की मिली भगत भी सामने आई है इस केस को हल करने में कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक एवं उनके सहयोगी एस आई सरवर खान एस आई राजवीर सिंह हेड कांस्टेबल शमशाद अली एवं अन्य पुलिस टीम शामिल रही है ! पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के बैंक खातों को होल्ड कर दिया है और उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही हैं।

# पुरानी रंजिश के चलती दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट पथराव और फायरिंग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलन्दशहर। सिकंदराबाद नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक ही खानदान के दो पक्ष आपस में भिड़ गए यह भिड़क इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों पक्षों की तरफ से पत्थर और फायरिंग हुई इससे पूरे नगर में भगदड़ मच गई और लोग दहशत ज्यादा हो गए यह मामला पुरानी रंजिश का बताया जाता है इसी को लेकर आज दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए दहशत इतनी जबरदस्त बढ़ गई कि लोगों ने अपने बाजार बंद कर दिए मौके पर पहुंची सी ओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि पुलिस ने चार नाम दर्ज और एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है दोनों पक्षों की दो महिलाएं और चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचे भी बरामद किए हैं अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

# जिलाधिकारी द्वारा किया गया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने रात्रि में रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेकर व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मंडल अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर में श्री रामपाल सिंह खालौर को पुन: मंडल अध्यक्ष बिरौली विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर 67 के बनने पर उनके आवास पर जाकर मनोज कुमार गोल्डी पूर्व प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र बुलंदशहर एवं विट्टू चौधरी खलौर एवं गांव भैलई के सम्मानित लोगों के साथ मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी

# बकाया गन्ना भुगतान व बॉन्ड की माग को लेकर किसानों का चौथे दिन भी धरना जारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर। बुलन्दशहर। बकाया गन्ना भुगतान व बांड परिवर्तन की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत के द्वारा जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर सोमवार शुरू हुआ धरना चोथे दिन भी जारी है। हाड कपा देने वाली सर्दी 5 डिग्री तापमान मैं भी किसान अपनी मांगों को लेकर जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर धरने पर बैठे हैं। लेकिन जिला गन्ना अधिकारी के कानों पर जू तक नहीं रेग रही है। वही धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। भाकियू संपूर्ण भारत के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी पवन तेवतिया ने बताया कि कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक किसान आंदोलन जारी रहेगा। किसानो का बकाया भुगतान न होने की वजह से किसानों के सामने समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। जैसे किसानों का भुगतान न होने के कारण किसानों पर बिजली का बिल चढ़ गया है, बच्चों की स्कूल की फीस जमा नही कर पा रहे है। वही किसान सर्दियों में बच्चों के गर्म कपड़े भी नहीं खरीद पाने सहित आदि समस्याओं से किसान लड़ रहा है। तेवतिया ने बताया कि ब्रजनाथपुर मिल काफी समय से अपनी मनमानी कर रहा है। सरकार के बकाया भुगतान करने के निर्देश जारी कर रखे है, लेकिन ब्रजनाथपुर मिल तीन साल का भुगतान रोक कर चलता है। इस बात को लेकर किसानों में काफी आक्रोश है। मिल पर हाल में भी लगभग 12 करोड़ों रुपये गन्ना भुगतान के बकाया है। किसान कई बार मिल से भुगतान की मांग कर चुके है, लेकिन मिल भुगतान नहीं कर रहा है। ब्रजनाथपुर मिल जनपद हापुड़ क्षेत्र में आती है वह पहले हापुड़ जनपद के किसानों का पेमेंट करता है। बाद में बुलंदशहर के किसानों को पेमेंट देते है। जबकि बुलंदशहर के किसानों को पेमेंट के लिए आज कल करके लटका दिया जाता है। किसान नेता ने जिला गन्ना अधिकारी से मांग रखी क़ि किसानो का जल्द भुगतान कराया जाए। जनपद बुलंदशहर क्षेत्र के किसानों को बुलंदशहर की शुगर मिल से ही अटैच किया जाए।

अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत द्वारा 17 जनवरी को जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर कार्यालय की तालाबंदी कर दी जाएगी इस मौके पर विनोद नरेंद्र शोवीर सिंह धनवीर सिंह पप्पू बिट्टू प्रधान गोलू राकेश संजय, सेंसर देवली विकास तेवतिया, राकेश तेवतिया, गोलू भाई, सौरभ चौधरी, हैदर, इमरान, सुरेश, संजय, संदीप, बिट्टू प्रधान, अरुण, पहलाद गुड्डू पंडित आसिफ सैफी वीर सिंह ओमवीर आदि किसान मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक को चांदी का मुकुट पहनाकर किया जोशीला स्वागत






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। रामघाट बुलंदशहर नरौरा में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा एटा पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया को राष्ट्रीय संरक्षक एवं साहब सिंह राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद नरौरा में प्रथम बार आगमन पर भाजपा विधायक सहित लोधी समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने चांदी का मुकुट गुलदस्ता भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। आपको बता दें एटा के पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया को अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा राष्ट्रीय संरक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत को बनाये जाने पर डिबाई विधानसभा क्षेत्र के नरौरा में प्रथम बार आगमन पर राजश्री फार्म हाउस में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के कोषाध्यक्ष एवं भाजपा विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी ने चांदी का मुकुट पहनाकर तथा उनके भाई चरण सिंह व केसरी सिंह ने गुलदस्ता भेंटकर तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने फूल माला पहनाकर अन्य लोगों ने उनका जोशीला स्वागत कर बधाई दी। वहीं राजू भैया ने सभी शुभ चिंतकों से मिलकर बड़े खुश नजर आए और कार्यकर्ताओं का हाल-चाल पूछा इस मौके पर विधायक चंद्रपाल सिंहलोधी मलखान सिंह किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केसरी सिंह लोधी चरणसिंह लोधी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्याण सिंह सत्यवीरसिंह यादव राजवीर सिंह एडवोकेट अनार सिंह राजपूत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डिबाई भोला भैया पिंटू लोधी मंडल अध्यक्ष दानपुर मुकेश मंडल अध्यक्ष ग्रामीण वीरपाल सिंह प्रधान अंकुर लोधी मयंक वार्ष्णेय सचिन बजरंगी अजयपाल सिंह लोधी वीनेश लोधी महेश लोधी नंदन पहलवान रूपेंद्र सिंह किताब सिंह यादव आदि ग्राम प्रधान व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम द्वारा चकबन्दी कार्यों की दिसम्बर माह तक की प्रगति के आधार पर समीक्षा बैठक की गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलन्दशहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व जिला उप संचालक चकबन्दी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा चकबन्दी कार्यों की दिसम्बर माह तक की प्रगति के आधार पर समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा प्रथम चक्र के नए गजट 6 ग्रामों तथा द्वितीय चक्र के पांच ग्रामों के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि इन ग्रामों में चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारी तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ग्राम में बैठक कर चकबन्दी प्रक्रिया में आने वाले गतिरोध को दूर करें, तथा कार्य प्रगति आगे बढ़ाएं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नए गजट ग्रामों में कार्य प्रगति हेतु विशेष रूप से प्रथम चक्र के ग्राम के सम्बन्ध में एस0 ओ0 पी0 (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कर ले तथा नए सहायक चकबन्दी अधिकारी को प्रशिक्षित करने हेतु तथा एस0 ओ0 पी0 के अनुसार कार्य करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण करें। प्रत्येक नए ग्राम में तीन लेखपालों को नियुक्त करते हुए 10 दिन में सर्वे पूर्ण करने का अभियान चलाया जाए, जिससे नए ग्रामों में समय से प्रगति पूर्ण कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा धारा 8 के अन्तर्गत नए ग्रामों में प्रत्येक गाटो के विनमय अनुपात के निर्धारण के सम्बन्ध में यह निर्देशित किया गया कि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं की जाए अन्यथा पूरी चकबन्दी प्रक्रिया दूषित हो जाती है। ग्राम कुंवरपुर, त्यौर बुजुर्ग, पहासू देहात के सम्बन्ध में यह निर्देशित किया गया कि इन ग्रामों से सम्बन्धित सहायक चकबन्दी अधिकारी दो दिन के भीतर आकार पत्र-23 के निर्माण से लेकर धारा 19 में चक सृजन करने तथा धारा 20 में प्रारंभिक चकबन्दी योजना के प्रकाशन से लेकर धारा 23 तक की कार्य योजना चकबन्दी अधिकारी के माध्यम से बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को प्रस्तुत करें। ग्राम खेलिया कल्याणपुर व शहजादपुर कनैनी के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया सभी धाराओं में निर्धारित लक्ष्य को वित्तीय वर्ष के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा सभी चकबन्दी अधिकारीगण को यह निर्देशित किया गया कि उनके न्यायालय में लंबित वास्तविक मुकदमो एवं ऑनलाइन प्रदर्शित लम्बित मुकदमों की संख्या में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। चकबन्दी अधिकारी सदर, चकबन्दी अधिकारी खुर्जा व चकबन्दी अधिकारी शिकारपुर के न्यायालय में ऑनलाइन लंबित मुकदमों एवं निर्णीत मुकदमों के बाद अवशेष मुकदमों की संख्या में अत्यधिक अन्तर है इसलिए दो दिन के भीतर सभी चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय लिपिक को इस विसंगति को दूर कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए । पुराने मुकदमों के निस्तारण में शिथिलता पर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रारूप 01 से 09 तक की समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। धारा 23 का लक्ष्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में सभी सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं चकबन्दी अधिकारी को विशेष हिदायत दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अभिषेक कुमार सिंह तथा चकबन्दी विभाग के उप संचालक चकबन्दी एवं समस्त चकबन्दी अधिकारी व सहायक चकबन्दी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बी आर इंटरनेशनल स्कूल के क्रिकेट विजेता छात्र अदनान ने किया अपने क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। गुलावठी निकटतम ग्राम असवार स्थित बी आर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अदनान ने क्रिकेट में विजेता होकर अपने क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है! दिल्ली में आयोजित त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में दिल्ली की टीम ने उड़ीसा को हराया त्रिकोणीय सीरीज में दिल्ली उड़ीसा तथा एनसीआर की टीमों ने हिस्सा लिया ! अदनान की सफलता पर स्कूल में जश्न का माहौल है स्कूल पहुंचने पर समस्त स्टाफ के साथ-साथ संस्थापक सतीश नागर ने छात्र अदनान को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया प्रधानाचार्य अंशु भाटी ने भी बनाए उन्हें बधाई देते हुए अपना आशीर्वाद दिया ! बी आर इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी पूरा फोकस किया जाता है जिसके परिणाम स्वरुप अदनान ने इतनी बड़ी जीत हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है ! समस्त स्टाफ ने भी उन्हें अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी हैं! इस अवसर सैम खान जनरल लैग क्रिकेट एसोसिएशन दिल्ली कोऑर्डिनेटर रिचू शर्मा प्रमोद शर्मा प्रवेश चौहान सोहन वीर सिंह कमल वर्मा इरशाद चौहान गुलजार चौहान मोहम्मद यूसुफ अदनान के पिता फरहीन उर्फ बबलू मोहम्मद इकरार मोहम्मद इकबाल मोहम्मद असलम मोहम्मद सलमान मोहम्मद मोहसिन केसर खान मोहम्मद खालिद परवेज चौहान अदनान इकरामुद्दीन उजैर खान हुजैफा अज़हांन,आयरन आदि इस कार्यक्रम की अवसर पर उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर महिलाओं ने बाटी खिचड़ी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । डिबाई। मकर संक्रांति के पर्व पर वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति डिबाई की टीम ने चेतना वार्ष्णेय के निवास पर खिचड़ी का वितरण किया। शाखा डिबाई समिति की सदस्य चेतना वार्ष्णेय ने इस पर्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य का किसी राशि विशेष पर भ्रमण करना संक्रांति कहलाता है सूर्य हर महा में राशि का परिवर्तन करता है इसलिए कुल मिलाकर वर्ष में 12 संक्रांतियां होती हैं लेकिन दो सांकृतियां सार्वजनिक महत्वपूर्ण होती है मकर संक्रांति और कर्क संक्रांति सूर्य जब मकर राशि में जाता है
मकर संक्रांति से अग्नि तत्व की शुरुआत हो जाती है और कर्क संक्रांति से जल तत्व की% होता है इसलिए इस समय किए गए नाम जप और दान का फल अनंत होता है। इस मौके पर श्री मति साधना गुप्ता, पूनम, शैलेश, गीता, शिखा, नीता, विनीता, भावना, अन्नू, प्रीति, पारुल वार्ष्णेय, विनीता, अनीता, संगीता, पूर्णिमा, मीनाक्षी आदि मौजूद रही।

# श्री खाटू श्याम बाबा के मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। जहांगीरपुर बुधवार को श्री चामुंडा मंदिर पर श्री श्याम बाबा के मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ जिसमें श्री श्याम सेवा समिति जहांगीरपुर द्वारा आचार्य अतुल कृष्ण महाराज जी, आचार्य हेमंत जी, आचार्य दीपांशु शास्त्री, आचार्य हिमांशु कौशिक, आचार्य श्री राम ने विधि विधान से हवन पूजन कराकर भक्तों को आहुत कराकर तिलक व मोली कलावा बांधकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर यजमान मोनू अग्रवाल परिवार के साथ ,अंशुल मंगला परिवार के साथ आदि से अनुष्ठान कराया।वहीं महिलाओं ने श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों का नगर व क्षेत्र से आए भक्तों ने भजनों का रसपान कर धर्म लाभ उठाया।श्री चामुंडा मंदिर प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह मीणा ने बताया श्री श्याम बाबा का मंदिर को 22 फिट चौड़ा और प्रभु के आशीर्वाद से ऊंचाई रहेगी। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति के प्रबंधक राहुल बंसल, अंशुल मंगला, अमित मंगला, पवन अग्रवाल, पंछी, नरेश कश्यप, मोनू शर्मा, प्रवीन अग्रवाल, कुलभूषण शर्मा, विपन मीणा, हरिओम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के सरकारी अस्पताल में एक गम्भीर मामला सामने आया है जहां प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई मृतका की पहचान 24 वर्षीय अन्नू अग्रवाल के रूप में हुई है जो मौहल्ला चेनपुरा की निवासी थी घटना की जानकारी के अनुसार, अन्नू को उनके पति जितेन्द्र अग्रवाल द्वारा प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था प्रसव के बाद जब परिजन उन्हें घर ले गए तो उनकी तबियत अचानक बिगड़ने लगी परिजन तुरन्त उन्हें वापस अस्पताल ले गए लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और महिला की मृत्यु हो गई परिजनों ने अस्पताल स्टाफ, विशेषकर नर्स पर गम्भीर लापरवाही का आरोप लगाया है उन्होंने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है हालांकि नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है
पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है और मौत के सही कारणों की जांच के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

# प्रभावी पैरवी कर हत्या के आरोपी सुनील कुमार व तेजा को आजीवन कारावास

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त 1. सुनील कुमार पुत्र साहब सिंह व 2. तेजा पुत्र राजकुमार निवासीगण ममौता थाना सासनी जनपद हाथरस द्वारा वर्ष - 2017 में वादी वीरपाल सिंह पुत्र पोखपाल निवासी ग्राम वाजिदपुर थाना लोधा जनपद अलीगढ़ की पुत्री की गला काटकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 29.07.2017 को थाना डिबाई पर मुअसं - 259/2017 धारा 302, 34 भादवि व बरामदगी के संबंध में दिनांक 17.08. 2017 को मुअसं- 293/2017 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया तथा दोनो मुकदमों में आरोप पत्र क्रमशः दिनांक 13.10.2017 व दिनांक 29.08.2017 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 09 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 16.01.2025 को न्यायाधीश श्री विनित चौधरी (मा0 न्यायालय एडीजे अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त 1. सुनील कुमार व 2. तेजा उपरोक्त को आजीवन कारावास व क्रमशः 21,000/- रुपये व 20,000/- रुपये के के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री नितिन कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

# प्रभावी पैरवी कर मारपीट करने के 04 आरोपियों को 03-03 वर्ष का कारावास व 05-05 रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त 1. रामवीर 2. रामकिशन पुत्रगण बन्नी सिंह व 3. रोबिन 4. योगेन्द्र पुत्रगण रामवीर निवासीगण ग्राम शेखूपुरा थाना खानपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2015 में अपने गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ गाली गलौच व मारपीट कर बांये हाथ के अंगूठे को तोड़ने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 20.07.2015 को थाना खानपुर पर मुअसं - 99/15 धारा 323/325 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 23.08. 2015 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 06 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 16.01.2025 को न्यायाधीश श्री अंकुर चौधरी (मा0 न्यायालय सी.जे.(एस. डी.) एफटीसी/एसीजेएम जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त रामवीर, रामकिशन, रोबिन व योगेन्द्र को 03-03 वर्ष का कारावास व 05-05 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री शिवम मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान जीएमडीआईसी श्री श्रीनाथ पासवान द्वारा अगवत कराया गया कि बैंकों द्वारा योजना के सम्बंध में असंवेदनशीलता बरती जा रही है जिसके क्रम में आवेदकों के कई आवेदन बैंकों में 07 दिन से अधिक समय से लम्बित हैं। जीएमडीआईसी ने बताया कि उक्त योजना का लाभ लेने हेतु कुल 403 आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया था।

जिसमें से 365 आवेदन बैंकों को प्रेषित किये गये हैं। जिसमें से बैंकों द्वारा अभी तक 50 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। प्रेषित आवेदनों में से बैंकों में 07 दिन से ज्यादा के भी आवेदन है जो कि बियॉन्ड टाइम हो चुके हैं। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री की मुख्य योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में बैंकों द्वारा लापरवाही बरतने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को सभी लम्बित आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जब तक सभी लम्बित आवेदन निर्णित नहीं किये जाते तब तक सम्बंधित बैंक प्रतिनिधि बैठक से नहीं जायेगें। जिलाधिकारी महोदय के इस निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेस नोट लिखे जाने तक 50 आवेदनों पर बैंकरों द्वारा निर्णय लिया गया। इस प्रकार प्रेस नोट लिखे जाने तक कुल 100 आवेदन निर्णित हुए।

जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया है कि जब तक बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय नहीं लिया जाता तब तक कोई भी बैंकर्स विकास भवन से बाहर नहीं जायेगें। जिस पर बियॉन्ड टाइम वाले बैकों द्वारा आवेदनों पर निर्णय लिया जा रहा है। जिसमें सम्भावना यह है कि रात्रि 09 बजे से पूर्व ही बैंकर्स बियॉन्ड टाइम वाले आवेदनों पर निर्णय ले लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, जीएमडीआईसी श्री श्रीनाथ पासवान सहित अन्य अधिकारी व बैकर्स उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टाक्स फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत हुई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बर्ड फ्लू टाक्स फोर्स व जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बर्ड फ्लू के लक्षण व बचाव हेतु सुझाव बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों, सावधानियों एवं सतर्कता हेतु आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। उन्होने कहा कि हमें जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए सभी जनपदवासियों को बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक करना हैं, कि पक्षियों में इसके लक्षण किस प्रकार से देखे जा सकते है और इससे बचाव हेतु क्या—क्या सावधानियां बरतनी है। उन्होने बर्ड फ्लू के लक्षणों के बारे में बताया कि बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी की आंख व नाक से लाल रंग का पानी निकलता है, उन्हें हरे व लाल रंग का पतला दस्त (बीट) होता है। पक्षी को ज्वर आता है। कलगी बैठक व पैर बैंगनी हो जाते हैं। पक्षियों के गर्दन तथा आंखों के निचले हिस्से में सूजन आ जाती है। इसके साथ ही अण्डा उत्पादन कम, श्वास लेने में कठिनाई, छींक, खांसी, एक जगह पर बैठे रहना, सिर एवं गर्दन में सूजन आदि हो जाना मुख्य लक्षण हैं। इससे प्रभावित पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। उन्होने कहा कि बर्ड फ्लू से बचाव हेतु बायोसिक्योरिटी, साफ—सफाई रखना। मुर्गी, बत्तख, मछली तथा सूकर पास—पास ना पालें। बीमार पक्षियों के बीट से बचें। मृत प्रवासी पक्षियों से प्रभावित कुक्कुट प्रक्षेत्रों से तथा एच0पी0ए0आई0 से ग्रसित पक्षियों के शव विच्छेदन से बचें। यदि कुक्कुट पालन का कार्य पूरी बायोसिक्योरिटि अपनाते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ चूजों, उत्तम रख—रखाव विधि से किया जाये तथा मृत पक्षियों का डिस्पोजल, डिस्पोजल पिट में किया जाये तथा बीमार पक्षियों को तुरन्त निकाल दिया जाये तो रोग फैलने की सम्भावना कम हो जाती है। बर्ड फ्लू के प्रति जागरूक रहना महत्वपूर्ण जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष रूप से पशु पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत विभाग, सिंचाई विभाग सहित सभी विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी कारण से जनपद में बर्ड फ्लू ना फैलें, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए जनता में बर्ड फ्लू के लक्षणों और उपायों की जानकारी दी जाएं। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की है कि यदि बर्ड फ्लू से सम्बंधित कोई पक्षी या ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो वह इसकी जानकारी पशु पालन विभाग को अवश्य दें। किसी भी बीमारी को रोकना और सभी का बचाव कराना हम सभी की नैतिक व अहम जिम्मेदारी है। बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) एक विषाणु जनित (वायरल) इन्फेक्शन है। यह आरएनए टाईप ए वायरस है। इसके तीन एन्टीजन टाईप ए, बी आर सी होते हैं। बी एवं सी मनुष्यों में इन्फ्लूएन्जा रोग के प्रमुख कारण है। टाईप ए पक्षियों में तथा मनुष्यों, सूकरों, घोडे तथा बन्दरों में भी रोग उत्पन्न करते हैं। जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद गाजियाबाद अन्तर्गत शत्रु सम्पत्तियों की कृषि भूमि पर यदि कब्जा है तो उसे कब्जा मुक्त कराकर और जो खाली है, इसके साथ ही एलएमसी की भूमि पर गोवंशों हेतु चारा उत्पादन किया जाएं। उन्होने सभी उप—जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, ईओ, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त कृषि भूमियों पर चारा उत्पादन किया जाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने निराश्रित गोवंश सुपुर्दगी अभियान, निराश्रित गोवंश की ठण्ड से बचाव की व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन अस्थाई गो आश्रय स्थलों की प्रगति आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जनपद के सभी पोल्ट्री फ़ार्म का निरंतर निरीक्षण किया जाएं, जिनमें बर्ड फ्लू के लक्षण दिखें उन्हें तुरन्त अलग रखते हुए जांच करायी जाएं। बर्ड फ्लू का मामला संज्ञान में आते ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी या पशु पालन विभाग को सूचित किया जाएं। उन्होने पशु पालन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को बर्ड फ्लू के सम्बंध में अलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप—जिलाधिकारी, एसीएमओ, तहसीलदार, ईओ, जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**





हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में चल रही धीमी प्रगति को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश। जिला अर्थ और संख्याधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की कुल 49 परियोजना है। राजकीय महिला महाविद्यालय धौलना, गौ संरक्षण केंद्र धौलना, गढ़मुक्तेश्वर मे वृजघाट का निर्माण,आई टी आई बडौदा की समीक्षा के दौरान आईटीआई बडौदा को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यदाई संस्था से समन्वय बनाकर उसको समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी अधिकारी को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो हमें अवगत कराया जाए। इसके उपरांत डीएम ने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेस्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की। जिला अधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए इसके अलावा संबंधित कार्यदाई संस्था तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराए।

बैठक के अंत में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा मे विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागो की रैंक सी0डी0ई0 की श्रेणी में है उनको विशेष निर्देश दिए की सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो। आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व जिन विभागों की खराब रैंक प्राप्त हुई है उसमें सुधार किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि फैमिली आईडी में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी का डाटा फीड कराए इसके साथ ही टी0बी के दो-दो मरीजों को गोद लेने की भी जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है।

बैठक में जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग /विद्युत/ जल निगम / सिंचाई सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

# इमरजेंसी इतिहास का काला अध्याय, फिल्म के लिए कंगना रनौत को बधाई - देवेंद्र फडणवीस



मुंबई । महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म %इमरजेंसी% देखी। मंच पर पहुंचे और आपातकाल का सत्य दिखाने के लिए रनौत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं कंगना रनौत को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर उन्होंने फिल्म बनाई। आपातकाल वह समय था, जब सभी लोगों के मानवाधिकार छीन लिए गए थे। मुझे अब भी याद है जब अपने पिता से मिलने मैं जेल जाता था। मेरे पिता आपातकाल के दौरान जेल में थे और मैं केवल पांच वर्ष का था। उन्होंने आगे कहा कि इमरजेंसी के दौर को कंगना रनौत ने फिर से एक बार फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच लाया है। कंगना जी का फिल्म में रोल सराहनीय है। हमारे लिए वैसे इंदिरा जी तो बहुत बड़ी थीं, वो देश के लिए नेता थीं लेकिन उस दौर में हमारे लिए विलेन थीं। मुझे लगता है कि इमरजेंसी हमारे देश के इतिहास में काली रात है, उस सच्चाई को देशवासियों तक पहुंचाना जरूरी है। मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ी को आपातकाल की सच्चाई मालूम होनी चाहिए। भारत के सिनेमाघरों में इमरजेंसी 17 जनवरी को यह फिल्म रिलीज होगी। कंगना पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इमरजेंसी, 1970 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौर पर आधारित है। हाल ही में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए थे। रिलीज से पहले ही यह फिल्म विवादों में है। कंगना रनौत की फिल्म को लेकर कांग्रेस ने पहले ही कई सवाल उठाए हैं, तो वहीं पंजाब में एसजीपीसी ने फिल्म को बैन करने की मांग उठाई है।

# किसानों ने गन्ना भुगतान पर शीघ्र निर्णय की मांग की



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। हापुड़ भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में NCLT न्यायालय, दिल्ली में श्री अनुराग गोयल और राकेश शर्मा से मिला। NCLT कोर्ट में आज हुई सुनवाई के बाद अगली तिथि 14 फरवरी 2025 को निर्धारित की गई। न्यायालय ने पिछले सत्र के बकाया भुगतान को दो सप्ताह के भीतर निपटाने का आश्वासन दिया। हालांकि, किसानों की ओर से 14 दिन में पूर्ण गन्ना भुगतान का प्रस्ताव रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने कोर्ट से अनुरोध किया कि किसानों के पक्ष में शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। जिला हापुड़ से बड़ी संख्या में किसान बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर जितेंद्र नागर, राजेंद्र डागर, कटार सिंह, यशवीर नागर, मोनू त्यागी, नरेश नागर (एडवोकेट), पवन गुर्जर (एडवोकेट), राजेश हूण, लखन तोमर, यतेंद्र, अजब सिंह, संदीप तोमर, अनिल हूण, शिवानंद त्यागी, सत्या गुर्जर, लीले प्रधान, रोहित हूण, गौरव समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

किसान नेताओं ने कोर्ट के फैसले पर जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए भरोसा जताया कि न्यायालय से जल्द सकारात्मक निर्णय आएगा। प्रतिनिधिमंडल ने एकजुट होकर किसानों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# बेटियां पढ़ने से वंचित न रहे, जो भी मदद होगी हम करेंग-हरेंद्र सिंह तेवतिया

## बालिकाओं को 115 ट्रेक सूट का किया वितरण





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़मुक्तेश्वर में हरेंद्र सिंह तेवतिया विधायक गढ़मुक्तेश्वर की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 115 ट्रेक सूट का वितरण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को किया गया। ट्रैक सूट वितरित करते हुए हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें अगर बेटियों को पढ़ने में कोई भी समस्या आती है हमेशा बच्चों के साथ खड़े हैं कोई भी बेटियां पढ़ने से वंचित न रहे, और जो भी मदद होगी हम करेंगे। कार्यक्रम में स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी हापुड़, योगेश गुप्ता खण्ड शिक्षा अधिकारी, अमित शर्मा डी0सी0, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का स्टॉफ जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी, रविंद्र कुमार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता को थाने में पीटने के आरोप में चार पुलिसकर्मी निलंबित




प्रयागराज । नगर के झूंसी थाना में भाजपा नेता मनोज पासी को बुरी तरह से पीटने के आरोप में डीसीपी (नगर) ने कार्रवाई करते हुए तीन दरोगा और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। डीसीपी (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि झूंसी थाना में बुधवार को मनोज पासी नाम के व्यक्ति को पीटने का मामला संज्ञान में आया है। इस मामले में तीन दरोगा और एक कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। भाजपा की प्रदेश इकाई के सह कोषाध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा के मनोज पासी ने बताया कि उनके छोटे भाई ने चार साल पहले एक जमीन खरीदी थी जहां वह चारदीवारी बनवा रहा था। 13 जनवरी को झूंसी थाना पर एक फर्जी आवेदन देकर काम रुकवा दिया गया। उन्होंने बताया, ''चूंकि 13 और 14 जनवरी को स्नान पर्व था, इसलिए मैं 15 जनवरी को थाने पर गया और कहा कि काम रुकवाने का कोई आदेश हो तो दिखा दीजिये। इसी बात पर थाना झूंसी के निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह और अन्य दरोगा और कांस्टेबल ने मुझे बुरी तरह से मारा पीटा।''

# जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ में पुलिस ने महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ में पुलिस ने महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। पुलिस ने बताया कि साइबर ठगों के झांसे में ना आए जो डरा धमका कर या पैसे का लालच देकर खाते में सेंध लगाकर रुपए निकाल लेते हैं। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो तुरंत पुलिस और साइबर सेल को मामले से अवगत कराए। आपात स्थिति में महिला हेल्पडेस्क तथा 112 डायल कर पुलिस को मामले की सूचना दे। अफवाहों पर ध्यान ना दें और सोशल मीडिया का जरा संभल कर इस्तेमाल करें। बाबूगढ़ थाने में तैनात दरोगा शालिनी यादव, कांस्टेबल अलका उपाध्याय, सविता चौधरी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को गुरुवार को जागरुक किया और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया और बताया कि किस तरह महिलाएं सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ ले सकती हैं। योजनाओं के साथ-साथ सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन के बारे में भी अवगत कराया।

# इसरो की सफलता अंतरिक्ष की दिशा में लंबी छलांग- योगी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को स्पेस डॉकिंग हासिल करने पर बधाई देते हुये कहा कि अंतरिक्ष की दिशा में लंबी छलांग हर भारतीय को गौरवान्वित करने का क्षण है। श्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया स्पेस डॉकिंग हासिल करने वाली इसरो टीम को बधाई । इस उपलब्धि के साथ टीम इसरो स्पेस डॉकिंग हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। यह हमारी अंतरिक्ष क्षमताओं की दिशा में लंबी छलांग है। स्पेस डॉकिंग प्रक्रिया को काफी सतर्कता के साथ लॉन्च किया गया। उन्होने लिखा यह उपलब्धि भारत के लिए मील का पत्थर है। यह इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समर्पण और त्याग से संभव हो पाया है। यह उनकी विशेषज्ञता को भी प्रदर्शित करता है। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। जय हिंद। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में स्पेस टेक्नोलॉजी में अद्वितीय उपलब्धियां देखी हैं। भारत ग्रहों के बीच रिसर्च से लेकर रिकार्ड तोड़ने वाले उपग्रहों को लॉन्च करने और आज की ऐतिहासिक स्पेस डॉकिंग सफलता हासिल करने के साथ स्पेस रिसर्च को आकार दे रहा है।

# राम मंदिर आंदोलन विषय पर संगोष्ठी को संबोधित करेंगे न्यायमूर्ति शेखर यादव

महाकुंभ नगर । मेला क्षेत्र के सेक्टर छह में स्थित नेत्र कुंभ शिविर में 22 जनवरी को राम मंदिर आंदोलन और गोरक्षपीठ विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य वक्ताओं में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर यादव शामिल हैं। कार्यक्रम संयोजक शशि प्रकाश सिंह के मुताबिक, ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन और भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित इस संगोष्ठी में विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक बड़े दिनेश जी, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक अशोक बेरी और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर यादव मुख्य वक्ता हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर इस संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर गुप्ता, न्यायालय परिसर में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुस्लिम धर्म पर टिप्पणी को लेकर सुर्खियों में आ गए थे। बाद में उच्चतम न्यायालय ने उन्हें तलब किया था।

# अयोध्या में 10 लाख, काशी विश्वनाथ में 7.41 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन




महाकुम्भ नगर । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ के साथ-साथ देश और विदेश से यहां पहुंचे श्रद्धालु अब राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, संगम में स्नान के बाद श्रद्धालु 13, 14 और 15 जनवरी को श्रृंगवेरपुर, चित्रकूट, वाराणसी, मां विंध्यवासिनी धाम, नैमिषारण्य व अयोध्या में दर्शन-करने पहुंचे। बयान में बताया गया कि अब तक तकरीबन सात करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ में स्नान किया। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अयोध्या में तीन दिन में तकरीबन 10 लाख, काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.41 लाख, विंध्यवासिनी धाम में पांच लाख और नैमिषारण्य धाम सीतापुर में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। सूत्रों के मुताबिक, इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन क्षेत्रों में पहुंचने से स्थानीय रोजगार को भी काफी बढ़ावा मिल रहा है। बयान के मुताबिक, काशी विश्वनाथ मंदिर में 13 जनवरी को 2.19 लाख, 14 जनवरी को 2.31 लाख और 15 जनवरी को 2.90 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। वहीं विंध्यवासिनी धाम में पांच लाख और नैमिषारण्य धाम में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या जिला प्रशासन दर्शनार्थियों के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहा है और तकरीबन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु तीन दिन में यहां पहुंचे हैं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने बताया कि अयोध्या धाम को पांच जोन और 12 सेक्टर में विभाजित कर दो पालियों में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य स्नान पर्व पर राजपत्रित अधिकारी-थाना प्रभारी की ड्यूटी अलग से लगायी जायेगी। अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त पीएसी बल, बाढ़ राहत दल को भी तैनात किया गया है और सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष के जरिये निरन्तर निगरानी भी की जा रही है।

## जिला हैंडबॉल के ट्रायल 20 जनवरी को

ग्रेटर नोएडा । प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 जनवरी तक लखनऊ में होगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्य राज त्यागी ने बताया कि मलकपुर स्टेडियम में 20 जनवरी को जिला स्तरीय हैंडबॉल ट्रायल होंगे। इसमें 20 वर्ष कम आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 21 जनवरी को मेरठ के कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाले ट्रायल में भाग लेंगे। वहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में खेलतेनजर आएंगे। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र के साथ आना होगा।

## फ्रेश स्टार ने लीजेंड-11 को हराया

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेंचुरियन क्रिकेट मैदान पर चल रहे सेंचुरियन कप सीजन-11 में बुधवार को फ्रेश स्टार और विक्ट्री मास्टर लीजेंड-11 के बीच लीग मैच खेला गया। फ्रेश स्टार ने लीजेंड-11 को 38 रनों से पराजित किया। अमित वाधवा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फ्रेश स्टार की टीम ने टी-20 मुकाबले में सात विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। बल्लेबाज विकास सिंह ने 69 रन और अमित वाधवा ने 30 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लीजेंड-11 की टीम 19.3 ओवर में दस विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना सकी। बल्लेबाज सूरज ने 33 रन की पारी खेली। फ्रेश स्टार की ओर से अमित वाधवा ने तीन विकेट और अनिल यादव ने दो विकेट हासिल किए।

## हाइब्रिड मोड में स्कूल चलाने के आदेश जारी, ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने स्कूलों को हाइब्रिड मोड (फिजिकल और ऑनलाइन) पर चलाने के आदेश जारी किए हैं। इसके लिए बढ़ते प्रदूषण और धुंध को बड़ा कारण बताया गया है। जिलाधिकारी का यह आदेश प्री स्कूल से क्लास 9वीं तक और 11वीं के स्टूडेंट्स के लिए लागू होगा। अभिभावक व स्टूडेंट्स ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लास का ऑप्शन चुन सकते हैं। जिलाधिकारी की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक, इस समय गौतमबुद्ध नगर का एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में हैं। दरअसल, ठंड में हुई लंबी छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुलने का समय आया तो घने कोहरे और बढ़ती सर्दी की वजह से स्कूलों को ऑनलाइन मोड में डाल दिया गया था। उसके बाद 15 जनवरी को एक बार फिर सभी स्कूलों को खोलने का आदेश 14 जनवरी को दिया गया था। मौसम ने एक बार फिर करवट ली और 15 जनवरी को सुबह से ही घने कोहरे और बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूलों को हाइब्रिड मोड में चलाने का आदेश जारी किया गया। इस बार इस आदेश में प्रदूषण को भी मुख्य कारण बताया गया है। आदेश के मुताबिक, 14 जनवरी के लिए दिल्ली का एक्यूआई जो 275 बताया गया था, 15 जनवरी को उसमें अचानक से बढ़ोतरी हुई और घने कोहरे की स्थिति तथा तापमान में गिरावट होने के कारण एक्यूआई 386 दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान लगाया था कि एक्यूआई 400 पार कर सकता है। इसी को ध्यान में हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया गया है। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान स्टेज-4 और ग्रैप-4 प्रतिबंध फिर से लगाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के आदेश में यह बताया गया कि गौतमबुद्ध नगर के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्री स्कूल से लेकर कक्षा 9वीं तथा 11वीं कक्षा तक खराब वायु गुणवत्ता के कारण हाइब्रिड मोड में उनका संचालन करें।

## बिना मंजूरी के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हुई - संजय सिंह

नई दिल्ली । कथित शराब घोटाले में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अपनी गिरफ्तारी को लेकर संजय सिंह ने गुरुवार को भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे को चलाने की मंजूरी लिए बिना ही गिरफ्तारियां की गईं। इससे यह साबित होता है कि भाजपा ने शराब घोटाले की मनगढ़ंत कहानी बनाई है। बेवजह आप नेताओं को जेल भेजने के लिए भाजपा को माफी मांगनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि तीन साल से भाजपा नेता कथित शराब घोटाले को लेकर हल्ला मचा रहे हैं। इस मामले में भाजपा के इशारे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और उन्हें बिना किसी साक्ष्य के गिरफ्तार किया गया। यह पूरा मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित था। इसके लिए भाजपा को माफी मांगनी चाहिए।

## डॉ. मुनीश रायज़ादा ने नई दिल्ली सीट से अपना नामांकन दाखिल किया



नई दिल्ली । भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) के अध्यक्ष, डॉ. मुनीश कुमार रायज़ादा ने आज 17 जनवरी, 2025 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन जम नगर हाउस में दाखिल किया। डॉ. रायज़ादा आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद, डॉ. रायज़ादा ने मीडिया से बात करते हुए अपनी जीत को लेकर आत्मविश्वास जताया और नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. रायज़ादा पिछले छह महीनों से नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। वह जनता से सार्वजनिक सभाओं, नुक्कड़ नाटक और डोर टू डोर प्रचार के माध्यम से मुलाकात कर रहे हैं। डॉ. रायज़ादा के मुख्य चुनावी वादों में प्रत्येक परिवार को एक नौकरी प्रदान करना, ठेकेदारी को समाप्त करना और अवैध शराब की दुकानों को बंद करना शामिल है।

## दिल्ली में देर रात हुई बारिश, वायु गुणवत्ता बहुत खराब

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार रात बारिश हुई और मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को भी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार बुधवार रात करीब 11.30 बजे दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हो गई और रात 11.30 से सुबह 5.30 बजे के बीच दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र में 3.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य मौसम केंद्रों की बात करें तो पालम में 8.6 मिलीमीटर, पूसा में 7.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 4 मिलीमीटर बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक मापा गया जो 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं वायु गुणवत्ता 336 दर्ज की गई जो बहुत खराब श्रेणी में रही। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

# नोएडा में लुट पाट रुकने का नाम नहीं ले रही महिला समेत तीन लोगों से की लूटपाट

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा । नोएडा में विभिन्न थाना क्षेत्रों मेंवो बदमाशों ने एक महिला समेत तीन लोगों से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। बाइक सवार बदमाश तीनों से उनका महंगा मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। तीनों लूट पॉश इलाकों में हुई है जिसके बाद से पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस को दी शिकायत में मंजू रावत ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-119 स्थित गौर ग्रैंड सोसायटी में रहती है। वह 14 जनवरी को सोसायटी के बाहर मोबाइल बात करते हुए टहल रही थी। तभी से आए एक बाइक सवार दो बदमाश उसका कीमती मोबाइल लूटकर ले गए। मंजू



ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक दौड़ाते हुए फरार हो गए। महिला ने घटना की शिकायत थाना सेक्टर-113 पुलिस से की है। इसी तरह बदमाशों ने सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास से गुजर रहे हितेश से मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना सेक्टर-49 पुलिस से की है। पीड़ित के मुताबिक उनके मोबाइल फोन में उनका जरूरी डाटा और नेट बैंकिंग के के सभी पासवर्ड आदि मौजूद हैं। पीड़ित ने आशंका जताई है कि बदमाश उनके मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय के कर्मचारी से लूट पुलिस को दी शिकायत सेक्टर-62 निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि वह अपने कार्यालय नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय से सेक्टर 62 की तरफ पैदल जा रहे थे।तभी से आए बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल लूटकर ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना सेक्टर-58 पुलिस से की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## दिल्ली चुनाव- कांग्रेस ने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त राशन और बिजली देने का वादा किया

नई दिल्ली । कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में दिल्ली में सरकार बनने पर प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ्त एक राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कई चुनावी वादों का ऐलान किया। देवेन्द्र यादव ने तेलंगाना की मिसाल देते हुए कहा कि जनता के साथ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उसे 13 महीने के दौरान वहां की सरकार ने पूरे कर दिए। इसीलिए रेवंत रेड्डी अपनी बात दिल्ली के मतदाताओं से कहने के लिए यहां आए हैं। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में एक महीने की कांग्रेस की न्याय यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि इस यात्रा के दौरान वे दिल्ली के कोने-कोने की जनता से मुखातिब हुए। जनता की ओर से जो मुद्दे उठाए गए, उन्हें पूरा करने के लिए कांग्रेस अब तक प्यारी दीदी और जीवन रक्षा योजना तथा पूर्वांचलियों के लिए महाकुंभ की तर्ज पर छठ पर्व का आयोजन जैसी गारंटियों की घोषणा कर चुकी है। देवेन्द्र ने कहा कि आज हम सिलेंडर, फ्री राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी की घोषणा कर रहे हैं। कांग्रेस की इन गारंटियों को सरकार बनने पर पहली ही कैबिनेट बैठक में लागू किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि कांग्रेस अपनी चौथी गारंटी के रूप में प्रत्येक परिवार को हर महीने 500 रुपये में सिलेंडर और उसके साथ ही प्रत्येक परिवार को एक फ्री राशन किट देगी।




इस किट में 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, तीन लीटर तेल, 6 किलो दालें और 250 ग्राम चाय पत्ती मुफ्त में देंगे। महंगाई के इस दौर में महिलाओं को अपनी रसोई चलाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पांचवीं बड़ी गारंटी के रूप में 300 यूनिट बिजली प्रत्येक परिवार को मुफ्त मिलेगी। यह रकम सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। आआपा सरकार की तरह डिस्कॉम को मालामाल करने की बजाय हम उपभोक्ता को सीधे राहत देंगे। पत्रकार वार्ता में इससे पहले पूर्व तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो चुनावी वादे किए थे, उन्हें उसने पहले 13 महीने में ही पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा बहुत बड़ा था। कांग्रेस ने अपने चुनावी वादे पर अमल करते हुए पहले साल में किसानों का 21 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। एक साल में 51 हजार लोगों को नौकरियां दीं हैं। महिलाओं को फ्री बस सेवा दी है। 50 लाख परिवारों को 500 रुपये में रसोई सिलेंडर और प्रत्येक परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस जो वादे करती है, चुनाव बाद सरकार बनने पर उन्हें पूरा भी करती है। तेलंगाना प्रदेश सरकार इसकी मिसाल है। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की कि वो यहां कांग्रेस को जिताएं, सरकार बनने पर यहां भी लोगों से किए चुनावी वादे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने शीला दीक्षित के मुख्यमंत्रित्वकाल में हुए दिल्ली के चहुंमुखी विकास की चर्चा की। दिल्ली में बिजली का निजीकरण, दिल्ली की सड़कें, फ्लाईओवर और मेट्रो रेल जैसी सुधारवादी प्रक्रिया को लागू करने और जलापूर्ति को सुधारने के लिए शीला सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली में तेज विकास करना है, तो कांग्रेस पार्टी को जिताना चाहिए। इस मौके पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## दिल्ली चुनाव 2025 - आप के दिग्गज नेताओं मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय ने किया नामांकन



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के तीन बड़े नेताओं ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इनमें मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा, गोपाल राय ने बाबरपुर और सौरभ भारद्वाज ने ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने पहुंचे मनीष सिसोदिया ने कहा कि उम्मीद है कि जो दस साल से लोग केजरीवाल की टीम को सम्मान देते रहे हैं, वही सम्मान देंगे। हम आम आदमी पार्टी के सिपाही हैं और लगातार जनता के सुख-दुख में खड़े रहने वाले लोग हैं। उन्होंने भाजपा के स्टार कैंपेनर की सूची पर भी तंज कसते हुए कहा कि पहले बिन बारात के दूल्हे का नाम तो तय हो जाए। भाजपा सिर्फ झूठ और जुमले की फैक्ट्री है। कांग्रेस ने चुनाव में मुफ्त बिजली और सिलेंडर देने की घोषणा की है। अब देखते हैं कि दिल्ली की जनता केजरीवाल पर कितना विश्वास करती है। पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक और बाबरपुर विधानसभा से प्रत्याशी गोपाल राय ने भी नामांकन दाखिल किया। उन्होंने अपनी टाटा नैनो कार से नंद नगरी स्थित निर्वाचन कार्यालय में पहुंचकर नामांकन किया।

इससे पहले बुधवार को उन्होंने रोड शो निकाला था। ग्रेटर कैलाश विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने भी नामांकन दाखिल किया। उन्होंने पहले कालकाजी मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि हर शुभ कार्य से पहले भगवान की पूजा अर्चना करना बेहद जरूरी है। हमारे गांव की तो परंपरा है कि अगर हम एक गाड़ी भी खरीदते हैं तो पहले कालका जी मंदिर में आकर पूजा करते हैं। उसके बाद उस गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। सौरभ भारद्वाज ने रमेश बिधूड़ी की मुख्यमंत्री आतिशी पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा को ऐसे नेता पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, जो महिलाओं का सम्मान तक भूल जाए।

## अरविंदर सिंह लवली नें भरा गांधीनगर से नामांकन पत्र





नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली नें सैकडो समर्थकों की मौजूदगी में अपना नामंकन पत्र भरा। गुरुवार को गांधी नगर की गलियां जोश और उत्साह से गूंज उठीं। अरविंदर सिंह लवली के समर्थन में जनता का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 11.00 बजे उन्होंने गीता कॉलोनी एसडीएम ऑफिस में अपने नामांकन पत्र भरे। इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली सांसद और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, निगम पार्षद नीलम चौधरी, निगम पार्षद प्रिया कंबोज, पूर्व विधायक नसीब सिंह, और पूर्व निगम पार्षद सुरेंद्र शर्मा, जितेंद्र कुमार, रोमेश गुप्ता, शम्मी कपूर, भरत भदौरिया के साथ मंडल अध्यक्ष सचिन चौहान, पूजा शर्मा और हरविंद्र शर्मा उपस्थित रहे। लोगो को संबोधित करते हुए अरविंदर सिंह लवली ने कहा, दिल्ली को बहाने नहीं, बदलाव चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की।

## गलगोटियास विश्वविद्यालय में मेडिकल कोडिंग पर करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा । गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज, फार्मेसी विभाग, और स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में कोडइवो प्रा. लि. कम्पनी हैदराबाद के सहयोग से एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोडइवो प्रा. लि. की सीईओ डॉ. मनीषा राव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने छात्रों को मेडिकल कोडर्स की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, नौकरी के अवसरों, इस क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी, और मेडिकल कोडर्स के विभिन्न पदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने इस क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों और उनके महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर गलगोटियास विश्वविद्यालय और कोडइवो प्रा. लि. के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत छात्रों



को इंटर्नशिप, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीपीसी प्रमाणन, और प्लेसमेंट के लिए विशेष अवसर प्रदान किए जाएंगे। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मेडिकल कोडिंग के क्षेत्र में करियर को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करना था। गलगोटिया विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के कौशल विकास और करियर निर्माण के लिए इस प्रकार के अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहा है। इस कार्यक्रम में गलगोटियास विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. एस.के. अब्दुल रहमान, डीन और प्रोफेसर, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज, फार्मेसी विभाग और डॉ. शगुन अग्रवाल, डीन और प्रोफेसर, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मानहानि की शिकायत के मामले में अदालत ने आतिशी और संजय को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित की ओर से दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को नोटिस जारी किया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने आप नेताओं को 27 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले में आगे की सुनवाई करेगी। मानहानि शिकायत में आरोप



लगाया गया है कि आतिशी और सिंह ने ''जानबूझकर दीक्षित की साख को नुकसान पहुंचाया।''इसमें दावा किया गया है कि एक संवाददाता सम्मेलन में आतिशी और सिंह ने आरोप लगाया था कि दीक्षित ने न केवल भाजपा से करोड़ों रुपये लिए, बल्कि कांग्रेस ने आप को हराने के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलीभगत भी की है। संदीप दीक्षित दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

## सैफ अली खान पर हमले को लेकर भाजपा पर भड़के केजरीवाल, कहा- न लोग सुरक्षित न सीमाएं



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर गहरी चिंता जताई. उन्होंने इस घटना को देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा सेलिब्रेटी से लेकर देश के बॉर्डर तक की सुरक्षा में अक्षम है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गुजरात की जेलों में बैठे गैंगस्टर खुले आम फिरौती मांग रहे हैं. और देशभर में अपराधी बिना किसी डर के अपनी गतिविधियां चला रहे हैं.अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सैफ अली खान जैसे बड़े अभिनेता पर उनके घर में घुसकर चाकुओं से हमला किया गया. यह बेहद चिंताजनक है. उनकी सुरक्षा को लेकर जो चूक हुई है, वह राज्य और केंद्र सरकार दोनों की नाकामी को दर्शाती है. अगर इतने बड़े सेलिब्रिटी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम आदमी की सुरक्षा का क्या हाल होगा.मुंबई में बिगड़ती कानून-व्यवस्था- अरविंद केजरीवाल ने इस घटना को मुंबई में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब किसी सेलिब्रिटी पर हमला हुआ है. उन्होंने सलमान खान के घर के पास हुए शूटआउट और बाबा सिद्दीकी के मर्डर का उदाहरण देते हुए कहा कि यह दिखाता है कि अपराधी बेखौफ हैं. और उन्हें मौजूदा सरकार का संरक्षण प्राप्त है. सरकार अपराधियों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है.भाजपा सरकार पर सवाल- अरविंद केजरीवाल ने भाजपा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार न केवल देश के लोगों की सुरक्षा देने में अक्षम है, बल्कि बॉर्डर सुरक्षा में भी फेल हो रही है. उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार खुद मान रही है कि वह बॉर्डर की सुरक्षा नहीं कर पा रही है, तो यह बेहद शर्मनाक है. दिल्ली में गेंगवार, व्यापारियों को फिरौती की कॉल, और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा का अभाव इस सरकार की नाकामी को दर्शाता है. गंदी राजनीति बंद करो, काम करो-अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हर वक्त गंदी राजनीति करना बंद करो. जनता ने आपको सुरक्षा देने और देश चलाने का जिम्मा दिया है. सबसे पहली जिम्मेदारी सुरक्षा की होती है, लेकिन इस सरकार ने इसे पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया है.

सैफ अली खान पर हुए हमले की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और सरकार से अपील करते हैं कि राजनीति छोड़कर अपने असल काम पर ध्यान दें.

# दिल्ली ने किया रघुकुल नायक श्री राम रामलीला का अनुभव

नई दिल्ली । रघुकुल नायक श्री राम रामलीला की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भव्यता का देश की राजधानी दिल्ली ने दो दिन तक अनुभव किया। यह असाधारण प्रस्तुति हर किसी के लिए एक अद्भुत अनुभव साबित हुई। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के तत्वावधान में कमानी ऑडिटोरियम में रघुकुल नायक श्री राम की भव्य प्रस्तुति का साक्षी बनने के लिए देश और विदेश की अनेक प्रतिष्ठित विभूतियां उपस्थित रहीं। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों के बच्चों द्वारा अभिनय कला और आधुनिक तकनीक के सुंदर समायोजन की। इस भव्य प्रस्तुति के प्रथम शो का साक्षी बनने के लिए दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर रजनीश गुप्ता, एनआरआई एसोसिएशन, यूके चैप्टर के सचिव देव त्यागी, अमेरिका के सुनील दत्त, जाने माने संगीत कलाविद् शंकर साहनी, विश्व रामायण केंद्र के संस्थापक अजय भाई, दूरदर्शन धारावाहिक हम लोग के 'नन्हें' अभिनव चतुर्वेदी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में उप सचिव ए.एम. कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि



उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन संस्था के अध्यक्ष डॉ वेद टंडन ने इस शो को अयोध्या में रामलला के प्रथम पाटोत्सव के पाथेय की संज्ञा दी तो दर्शकों से खचाखच भरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रतिकूल मौसम के बावजूद सभागार में उपस्थित संस्कृति प्रेमी दर्शकों ने बाल कलाकारों को अपना भरपूर स्नेह और समर्थन प्रदान किया। जस्टिस ब्रजेश सेठी, जस्टिस चंद्रशेखर, जस्टिस सुधीर जैन, जज राज कपूर, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट व राष्ट्रीय मानवाधिकार के पूर्व रजिस्ट्रार ओ पी व्यास, एडवोकेट रोहित पांडे सेक्रेटरी सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन, गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा व प्रसिद्ध समाज सेवी सत्य भूषण जैन, डीआरडीओ के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. एन के चौधरी व डॉ. टी एन उपाध्याय तथा शिक्षाविद शैलेन्द्र कुमार सारस्वत के प्रतिनिधित्व में दिल्ली स्टेट साइंस टीचर फोरस के पदाधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

बता दें कि तीनों शो की आशातीत सफलता से भाव विभोर कार्यक्रम संयोजिका डॉ वंदना टंडन ने इसका श्रेय प्रभु श्री राम की कृपा, बाल कलाकारों की मेहनत तथा पूरी टीम को दिया।

# कैन्टर चालक को नशीली चाय पिलाकर रुपये चोरी करने वाले 02 शातिर चोर गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलन्दशहर। अवगत कराना है कि दिनांक 03.01.2025 को वादी गुलजार पुत्र इकराम निवासी ग्राम सौदत थाना किला परिक्षितगढ जनपद मेरठ ने थाना गुलावठी पर तहरीर दी कि वह आईसर कैन्टर HR-38AD-4183 पर बतौर चालक नौकरी करता है। दिनांक 01.01.2025 को वह सोनपरी मिल कुमेर भरतपुर राजस्थान से आइसर कैन्टर में खल लेकर गुलावठी के विकास ट्रेडिंग निकट धौलाना अड्डा आया था तभी एक लडका उसके पास चाय लेकर आया और बोला चाय पी लो लाला जी ने भेजी है। हमने चाय पी ली उसके बाद वह खल की गाडी उतारकर जैसे ही थोडी दूर चला तो वह बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो कैन्टर छपरावत स्टेशन के पास सूनसान जगह पर खडा था तथा उसमें से रुपये गायब थे। इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअस- 06/25 धारा 123/303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में जांच/छानबीन के दौरान प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को थाना गुलावठी पुलिस द्वारा आज दिनांक 16.01.2025 को चोरी किये गये 2,35,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1-शाहिद पुत्र खिजर मौ0 निवासी ग्राम हाजीपुर भटौला थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर। 2-नाजिम पुत्र मेहरबान निवासी भट्टा कालोनी मस्जिद के पास निकट नई मण्डी थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर। बरामदगी-1.2,35,000/- रुपये नकद 2.2,66,000/- रुपये(बैंक खाते में होल्ड कराये गये ) 3.01 मोटरसाइकिल स्प्लैंडर नं0 UP-13CL-4275 गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 01.01. 2025 को धौलाना रोड गुलावठी पर एक कैन्टर से खल खाली हो रही थी तभी उन्होने कैंटर के कन्डैक्टर से साठगांठ कर ली थी मौका देखकर कैन्टर ड्राईवर को नशीली चाय पिला दी। इसके बाद कैन्टर खाली करके जब वे जाने लगे तो वे भी कैन्टर के पीछे-पीछे चल दिये कुछ दूर जाने पर ड्राईवर को चक्कर आने लगे तो वह साइड की सीट पर लेट गया उसके बाद वे कैन्टर को छपरावत स्टेशन के पास ले गये तथा कैन्टर में रखे रुपये चोरी कर फरार हो गये थे। चोरी किये गये रुपये में से 2,35,000/- रुपये नकद बरामद किये गये है तथा 2,66,000/- रुपये अभियुक्तों द्वारा बैंक खाते में जमा कर दिये गये थे जिन्हे बैंक खातों मे होल्ड कराया गया है। कन्डैक्टर साजिद को 10,000/- रुपये सहित पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है इस प्रकार कुल 5,11,000/- रुपये बरामद किये गये है। अभियुक्त शाहिद का आपराधिक इतिहास-1. मुअस- 165/21 धारा 13 जीएक्ट थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर। 2. मुअस- 170/21 धारा 188/269/270 भादवि व 3/4 महामारी एक्ट थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर। 3. मुअस- 9/11 धारा 110 जी खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर। 4. मुअस- 06/25 धारा 123, 303(2), 317(2) , 61(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर अभियुक्त नाजिम का आपराधिक इतिहास-1.मुअस- 730/20 धारा 392/411 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद। 2.मुअस- 732/20 धारा 307/34 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद। 3.मुअस- 733/20 धारा 25/27 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद। 4.मुअस- 930/21 धारा 379/411 भादवि थाना दादरी जनपद गाजियाबाद। 5. मुअस- 903/21 धारा 414/420 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। 6.मुअस- 902/21 धारा 379/411 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर। 7.मुअस- 06/25 धारा 123, 303(2), 317(2) , 61(2) बीएनएस थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार करने वाली थाना गुलावठी पुलिस टीम-1.श्रीमती सुनीता मलिक थाना प्रभारी गुलावठी 2.व0उ0नि0 श्री सरवर खान, उ0नि0 श्री राजवीर सिंह, उ0नि0 श्री सौरभ कुमार 3.है0का0 शमशाद, है0का0 यशवीर ढाका, का0 अंकुर कुमार, कां0 रोहित राणा, का0 अमित कुमार

# समारोह आयोजित कर ट्रेनिंग सीओ को दी गई बड़े धूमधाम से विदाई - कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। शिकारपुर ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, का पुलिस स्टाफ, व्यापार मण्डलों, नगर के गणमान्य लोगों द्वारा कोतवाली परिसर में भावभीनि विदाई समारोह आयोजित किया गया विदाई समारोह की अध्यक्षता नगर के गणमान्य लोगों द्वारा की गई नगर के व्यापार मण्डलों के अध्यक्षों ने कहा कि ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, ने जितना योगदान पुलिस सेवा में दिया उससे कहीं अधिक अपना उमूल्य योगदान उन्होंने नगर की जनता के लिए दिया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है ऐसे ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, की कमी हमेशा खलेगी कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, ने कहां कि ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, के साथ रहकर मुझे काफी कुछ इनसे सीखने का मौका मिला वहीं उन्होंने कहा कि हम अपने आप से निर्णय नहीं ले पा रहें है युवा समाजसेवी योगेश शर्मा, ने कहा कि व्यवस्था का नियम है कि जो यहां आए हैं उसे एक दिन दूसरे स्थानों पर जाना होगा कुछ समाज के लिए कुछ दूसरों के लिए जो कुछ कर जाते हैं वह लोगों के लिए यादगार रह जाता है अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, ने कहा कि यह शाश्वत सत्य कि एक दिन सबको जाना है स्थानांतरण तो सिंगार है उन्होंने कहा कि मुझे काफी कुछ सीखने का मौका मिला जिसे भुला नहीं पाएंगे ट्रेनिंग सीओ प्रखर पाण्डेय, को शॉल उढ़ा कर विदाई दी तो किसी ने फूलों का गुलदस्ता देकर विदाई दी तो किसी ने पैन तो किसी ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया ।

# स्टार्टअप इंडिया ने भारत को सबसे जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बनने के लिए प्रेरित किया - मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को 'स्टार्टअप इंडिया' को एक 'परिवर्तनकारी योजना' बताया और इसकी 9वीं वर्षगांठ पर इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इसने भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े और सबसे जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में से एक बनने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने इस पहल को अपने दिल के 'बेहद करीब' बताया, क्योंकि यह युवा सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उभरा है और कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसने नवाचार, उद्यमिता और विकास को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''पिछले नौ वर्षों में, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है।''उन्होंने कहा कि एक दशक पहले इस प्रणाली में भारत की क्षमता पर संदेह किया जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस 'परिवर्तनकारी' कार्यक्रम ने अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण नवाचारों के लिए तकनीक-संचालित समाधानों से, स्वास्थ्य देखभाल की प्रगति से लेकर बायोटेक की सफलताओं, फिनटेक से एडटेक, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर टिकाऊ प्रौद्योगिकी तक, भारतीय स्टार्टअप वैश्विक चुनौतियों को हल कर रहे हैं, साथ ही रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में देश के प्रयास को मजबूती दे रहे हैं। हर सपने को साकार करने और 'आत्मनिर्भर भारत' में योगदान देने वाले उद्यमी माहौल को बढ़ावा देने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियां 'कारोबार में सुगमता', संसाधनों तक अधिक पहुंच और सबसे महत्वपूर्ण हर मौके पर उनका समर्थन करने पर केंद्रित रही हैं। उन्होंने कहा, ''हम सक्रिय रूप से नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्रों को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि हमारे युवा जोखिम लेने वाले बन सकें। मैं व्यक्तिगत रूप से आने वाले स्टार्टअप के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहा हूं।

स्टार्टअप इंडिया की यह सफलता दर्शाती है कि आज का भारत गतिशील, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार है।'' मोदी ने कहा, ''मैं स्टार्टअप की दुनिया में हर युवा को बधाई देता हूं और अधिक से अधिक युवाओं से इसे आगे बढ़ाने का आग्रह करता हूं। यह मेरा आश्वासन है कि आप निराश नहीं होंगे।''

# भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने सफल 'डॉकिंग' के साथ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की- राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो उपग्रहों की सफल 'डॉकिंग' के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। साथ ही उन्होंने देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत 'स्पेस डॉकिंग' क्षमता का प्रदर्शन करने वाला चौथा देश है।

यह उपलब्धि चंद्रयान-4, भारत के अंतरिक्ष स्टेशन की योजना और गगनयान जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण में देश के भविष्य के प्रयासों के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।''अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की, जो भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित कई भावी मिशनों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुर्मू ने कहा, ''स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट, स्पेडेक्स के तहत प्रक्षेपित दो उपग्रहों की सफल 'डॉकिंग' के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।'

'राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो और देश के सभी वैज्ञानिक और इंजीनियर समुदाय को बधाई के पात्र हैं।

# नीतीश कुमार ने खगड़िया को दी 400 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात, कई घोषणाएं भी की



पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में खगड़िया पहुंचे। यहां उन्होंने कई विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने 400 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने महेशखुंट में लगभग 43 करोड़ की लागत से बनकर तैयार पशु आहार कारखाना का उद्घाटन किया। इस पशु कारखाने के खुलने से जिले में रोजगार की संभावना जगी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अलौली प्रखंड में बागमती नदी स्थित गढ़ घाट में 39 करोड़ की लागत से बनने वाले आरसीसी पुल का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा भी की और कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिले में सब तरह के काम करा दिए गए हैं, कुछ नए काम और कराए जाएंगे। मुख्यकमंत्री ने जोर देकर कहा कि अलौली प्रखंड में गढ़घाट रामपुर अलौली में बागमती नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा, जबकि नगर परिषद के नगर सुरक्षा बांध पर सड़क एवं एंटी फ्लड सॉलिस गेट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खगड़िया जिला अंतर्गत एनएच-31 से खगड़िया बाईपास तक बूढ़ी गंडक नदी पर पुल एवं पहुंच पथ तथा महेशखूंट-गोगरी-परबत्ता-सुल्तानगंज घाट पथ में भगवान हाई स्कूल, गोगरी जमालपुर से जीएन बांध होते हुए फतेहपुर तक बाईपास का निर्माण किया जाएगा। बेलदौर प्रखंड के इंग्लिश गांधी हाई स्कूल के मैदान में स्टेडियम और खगड़िया के राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड के निकट रेलवे क्रॉसिंग तक पथ का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने निर्णय लिया है कि खगड़िया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। इससे यहां के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के लिए एक टीम को शुक्रवार भेजा जा रहा है। इन सब कामों को करा दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त खगड़िया जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसे भी कराया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस समारोह - 22 लड़ाकू विमानों समेत कुल 40 विमान करेंगे फ्लाई पास्ट

नई दिल्ली । भारतीय वायुसेना के विमान गणतंत्र दिवस पर साहसिक फ्लाई पास्ट करते दिखाई देंगे। इस साल गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमान, 11 परिवहन विमान और सात हेलीकॉप्टर समेत कुल 40 विमान हिस्सा लेंगे। ये विमान वायुसेना के 10 अलग-अलग ठिकानों से उड़ान भरेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले विमान कुल 12 अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। हालांकि इस साल तेजस विमान और एएलएच गणतंत्र दिवस फ्लाई पास्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाई पास्ट के दौरान पहला फॉर्मेशन ध्वज होगा। इसके अलावा अजय, सतलुज, कटार, बाज, रक्षक, अर्जुन, वरुण, नेत्र और भीम फॉर्मेशन भी आसमान में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा बनाए जाएंगे। भारतीय वायुसेना ने बताया कि 5 जगुआर विमान एरो फॉर्मेशन बनाएंगे। 6 राफेल लड़ाकू विमानों द्वारा वज्रंग फॉर्मेशन बनाया जाएगा। सुखोई लड़ाकू विमान त्रिशूल फॉर्मेशन बनाएंगे। अंत में राफेल लड़ाकू विमान वर्टिकल चार्ली के लिए आएंगे। विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि भारतीय वायुसेना के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू पायलट इस फ्लाई पास्ट में भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस परेड %कर्तव्य पथ% पर ध्वजारोहण समारोह के बाद शुरू होगी। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रपति सलामी लेंगी। इस वर्ष भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दस्ते में चार अधिकारी (एक टुकड़ी कमांडर और तीन अतिरिक्त अधिकारी) और 144 वायुसैनिक शामिल हैं। टुकड़ी कमांडर स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह होंगे, जबकि फ्लाइट लेफ्टिनेंट दामिनी देशमुख, फ्लाइट लेफ्टिनेंट नेपो मोइरंगथेम, अभिनव घोष अतिरिक्त अधिकारी होंगे। वायुसेना की टुकड़ी 12 बाई 12 की संरचना में भारतीय वायुसेना बैंड द्वारा बजाई गई धुनों पर मार्च करेगी। राष्ट्रपति के मंच को पार करते समय बैंड साउंड बैरियर धुन बजाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में श्रद्धांजलि समारोह के साथ शुरू होता है, जिसमें प्रधानमंत्री पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। भारतीय वायुसेना के इनर गार्ड में एक सार्जेंट और छह कॉरपोरल और उससे नीचे के अधिकारी शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस परेड के बाद 29 जनवरी को विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह आयोजित किया जाएगा। 121 संगीतकारों वाला वायुसेना का बैंड यहां यादगार धुनें प्रस्तुत करेगा।

# किसानों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता- धनखड़

कर्नाटक। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि अन्नदाताओं की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। धनखड़ ने कर्नाटक के धारवाड़ में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अमृत महोत्सव और पूर्व छात्र मिलन समारोह के उद्घाटन समारोह में कहा कि राष्ट्रीय स्तर किसानों की समस्या पर तत्काल ध्यान देने तथा उन्हें आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है। देश निरंतर प्रगति के पथ पर है और इसमें किसानों को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। धनखड़ ने कहा कि किसानों की समस्या पर तत्काल राष्ट्रीय ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जब किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने की बात आती है तो समय की बहुत आवश्यकता होती है। सरकार काम कर रही है। हम चाहते हैं कि सभी लोग तालमेल के साथ काम करें, सकारात्मक सोच के साथ मिलकर समाधान खोजें। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर कृषि क्षेत्र के व्यापक प्रभाव पर धनखड़ ने कहा कि कृषि आधारित उद्योग, कृषि उपज आधारित उद्योग, कपड़ा, खाद्य, खाद्य तेल और कई अन्य क्षेत्र समृद्ध हो रहे हैं और लाभ अर्जित कर रहे हैं। किसानों को लाभ को समान रूप से साझा करना चाहिए। इन संस्थानों को किसान के कल्याण और कृषि क्षेत्र के अनुसंधान के लिए अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कोष से जोड़ना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जब किसान आर्थिक रूप से ठीक होता है, तो अर्थव्यवस्था चलती है, क्योंकि वह किसान की खर्च करने की शक्ति है। जब किसान खर्च करता है, तो अर्थव्यवस्था अपने आप चलती है। खराब मौसम और अप्रत्याशित बाजार स्थितियों जैसे प्राथमिक तनावों से किसानों को राहत देने की आवश्यकता पर उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को प्राथमिक तनावों से विश्लेषण और राहत देने का समय आ गया है। सरकार बहुत कुछ कर रही है, लेकिन किसान खराब मौसम, अप्रत्याशित बाजार स्थितियों पर निर्भर है। कृषि क्षेत्र की सभी प्रकार की सब्सिडी के सीधे हस्तांतरण की वकालत करते हुए धनखड़ ने कहा कि कृषि क्षेत्र को किसी भी रूप में दी जाने वाली कोई भी सब्सिडी, चाहे वह उर्वरक हो या अन्य, सीधे किसान तक पहुँचनी चाहिए। यह किसान को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प की ओर प्रेरित करेगी। किसान इन निधियों का उपयोग जैविक और प्राकृतिक तरीके से करने के लिए कर सकते हैं।

# भागवत का बयान किसी अन्य देश की बात होती तो गिरफ्तार हो जाते - कांग्रेस

नई दिल्ली । कांग्रेस ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की बयान पर आज फिर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि इस तरह का बयान कोई नेता किसी और देश में देता तो उसे अब तक गिरफ्तार कर लिया जाता लेकिन हमारे यहां एक तरह से सरकार ही आरएसएस की है इसलिए श्री भागवत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस संगठन की गतिविधियां देश विरोधी रही है और यही कारण है कि उसने 52 साल तक अपने मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया और इससे पता चलता है कि इस संगठन में और इसके नेताओं में कितनी राष्ट्रभक्ति है। श्री बघेल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस बयान को उचित बताया कि यदि ये बात किसी और देश की होती तो मामला दर्ज कर मोहन भागवत को गिरफ्तार कर लिया जाता। राहुल जी का दृष्टिकोण लोकतांत्रिक, समावेशी और न्यायपूर्ण है। इन मूल सिद्धांतों को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है और इस रास्ते में रोड़ा अटकाने वालों के खिलाफ श्री गांधी और कांग्रेस कार्यकर्ता लड़ाई लड़ते रहेंगे। केंद्र के साथ ही कई राज्यों में भाजपा की सरकार है, लेकिन असल मायने में ये आरएसएस की ही सरकार है। उन्होंने कहा मोहन भागवत और उनके संगठन के लोग संविधान के बारे में समय- समय पर बयान देते रहे हैं। भाजपा के सांसदों ने भी कहा था कि वे संविधान बदल देंगे जिससे स्पष्ट होता है कि वे संविधान को नहीं मानते हैं। सभी जानते हैं कि आरएसएस को तिरंगा स्वीकार करने में 52 साल लग गए। इसका इतिहास सभी को पता है। जब लाखों भारतीय आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे, तब ये अंग्रेजों के साथ भागीदार बनकर काम कर रहे थे। ये लोग हिटलर- मुसोलिनी को मानने और उनके रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। आरएसएस भाजपा के लोग कांग्रेस के लोगों को देशभक्ति का पाठ न पढ़ाएं। देशभक्ति क्या है- ये हमें न सिखाएं। श्री बघेल ने कहा पूरे देश ने देखा है कि आजादी की लड़ाई में आरएसएस की क्या भूमिका थी और आरएसएस किसके साथ थी। भाजपा सरकार संस्थानों पर कब्ज़ा कर लगातार सामाजिक संरचना और आर्थिक नींव को कमजोर करने का काम कर रही है। संविधान में न्याय, समानता, लोकतंत्र की रक्षा करने की बात है, लेकिन आरएसएस इन विचारों को नहीं मानती।

यही काम भाजपा भी कर रही है। जिन संस्थाओं पर न्याय, समानता, लोकतंत्र की रक्षा करने की जिम्मेदारी है, भाजपा उन्हें अपने इशारों पर चला रही है। उन्होंने कहा भाजपा आरएसएस के लोग राहुल गांधी जी के भाषण को भी तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

आप देख सकते हैं- देश में निर्वाचन आयोग की क्या भूमिका रही है। भाजपा के लोग सत्ता में होने के बाद भी सदन नहीं चलने दे रहे, किस तरह से ईडी, अइटी, सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है। हमारी लड़ाई सिर्फ आरएसएस भाजपा से नहीं, बल्कि जिन संस्थाओं पर भाजपा का कब्जा है, उनसे भी है।

## संक्षिप्त समाचार

# ओडिशा के कोणार्क में तालाब में गिरी कार, दो की मौत

भुवनेश्वर । ओडिशा के कोणार्क में एक कार के तालाब में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान प्रदेश के बालासौर जिले के सनातन सेनापति और पुरी जिले के संदीप महापात्रा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जुनेई चौक के निकट बैंशी बाजार में तेज रफ्तार कार पलट गई और सड़क किनारे तालाब में गिर गयी। उन्होंने बताया कि कार को संदीप चला रहा था जबकि सनातन बगल की सीट पर बैठा था। कोणार्क पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के समय मनीष सेनापति और पापुन परिदा नामक दो अन्य व्यक्ति कार की पिछली सीट पर बैठे थे। उन्होंने बताया कि आवाज सुनने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बचाया तथा उन्हें पास के गोप अस्पताल पहुंचाया जहां सनातन और संदीप को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मरने वालों ने सीट बेल्ट लगा रखी थी और कार के तालाब में गिरने के बाद वे कार से तुरंत बाहर नहीं निकल पाए।

# वीके सिंह ने मिजोरम के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

आइजोल । पूर्व सेना प्रमुख वी के सिंह ने बृहस्पतिवार को मिजोरम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। मिजोरम को 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद से सिंह 25वें राज्यपाल बने हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने हरि बाबू कंभमपति की जगह ली, जिन्हें ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने आइजोल के राजभवन में आयोजित एक समारोह में सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री लालदुहोमा और उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष लालबियाकजमा, उपाध्यक्ष लालफामकिमा, सांसद, विधायक, वरिष्ठ नौकरशाह और शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री लाल थनहवला और जोरमथांगा के अलावा चर्च के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 24 दिसंबर को सिंह को राज्यपाल नियुक्त किया था। शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जनवरी को होना था, लेकिन सिंह के एक रिश्तेदार की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इसे 16 जनवरी तक के लिए टाल दिया गया था। वर्ष 1951 में जन्मे सिंह ने 2010 से 2012 तक 24वें सेनाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दीं। सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद, वह 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए और उस वर्ष के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। 2019 में वह उसी सीट से फिर से चुने गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विदेश राज्य मंत्री, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और सांख्यिकी तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वह सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालयों में राज्य मंत्री थे।

# हल्की बारिश के बाद राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में कड़ाके की सर्दी

जयपुर । गत दो दिनों में राजस्थान के कई इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश होने के बाद सर्दी और तेज हो गई है। राज्य में नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को सुबह तक बीते चौबीस घंटे में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। आज सुबह राज्य में कहीं-कहीं पर घने से अति घना कोहरा छाया रहा। तापमान में और गिरावट के चलते पूर्वी राजस्थान में कई जगह शीत और अति शीत दिन रहा। इसके अनुसार, इस दौरान न्यूनतम तापमान नागौर में 3.7 डिग्री, फतेहपुर में 5.4 डिग्री, गंगानगर में अलवर में 5.8 डिग्री, सिरोही में 6.1 डिग्री और अजमेर में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में आगामी 4-5 दिन मौसम शुष्क रहने तथा कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिन घना कोहरा छाने की संभावना है। कोहरे के प्रभाव से आगामी दो दिन कहीं-कहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री नीचे जाने की संभावना है। राज्य में 22 जनवरी के आसपास एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

# जबलपुर में आपस में टकराई दो बाइक, तीन की मौत

जबलपुर । मध्य प्रदेश के जबलपुर में दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार जारी है। यह हादसा चरगवां रोड घंसौर में हुआ। यहां चरगवां की ओर से जा रही पल्सर बाइक की दूसरी तरफ से आ रही अन्य बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर चार लोग सवार थे। इनमें से तीन की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। तिलवारा थाने के पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि सुबह के समय कोहरे के चलते विजिबिलिटी कम थी और दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। इस दौरान उनके बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसके चलते बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतकों के आसपास के क्षेत्र के निवासी होने की संभावना जताई जा रही है। राज्य में इन दिनों ठंड और कोहरे का असर ज्यादा है, सुबह व रात के समय तो विजिबिलिटी काफी कम होती है और इसी के चलते कई इलाकों में हादसे हो रहे है। प्रशासन की ओर से वाहन चालकों को लगातार हिदायत दी जा रही है कि वे वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित रखें और अपना ध्यान रखें। बढ़ती ठंड और कोहरे को ध्यान में रखकर ही सड़क किनारे रातें गुजारने वालों व बेघर लोगों के लिए भी तमाम जिलों में खास इंतजाम किए गए हैं। आश्रय गृहों में सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि ठंड से लोगों को नुकसान न हो। आश्रय स्थलों के अलावा जबलपुर में तो पुरानी बसों को ही आश्रय स्थल में बदला गया है। इन बसों को बस स्टैंड पर रखा गया है, ताकि फुटपाथ पर रहने वाले और आने वाले यात्री इस सुविधा का लाभ ले सकें। आश्रय स्थल में बदली गई पुरानी बसों का लोग लाभ ले रहे हैं। इस बार अलाव की जगह रूम हीटर का प्रशासन उपयोग कर रहा है।

# मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन केसीपी के दो सदस्य गिरफ्तार

इंफाल । मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खंगमबम सनातन सिंह (51) और थोकचोम टिकेन सिंह (43) को मचांग बेकरी के पास उरीपोक मायाई लीकाई से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों पर दुकान मालिकों और छोटे व्यापारियों से जबरन वसूली करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि उनके पास से चार मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। इस बीच, बिष्णुपुर और थौबल जिलों में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर के नंबोल में ऐगेजांग और लीमाराम उयोक चिंग के आसपास के इलाकों से बुधवार को 51 एमएम का एक मोर्टार ट्यूब लांचर, मैगजीन के साथ एक एसएलआर, एक स्नाइपर राइफल, तीन 40 एमएम लेथोड शेल, ग्रेनेड, एक स्मोक बम और दो वायरलेस सेट जब्त किए गए। थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नौ एमएम की एक सीएमजी मैगजीन, ग्रेनेड, 27 कारतूस, आंसू गैस के तीन गोले और तीन रेडियो सेट समेत अन्य सामान जब्त किए।